**खास बात**

*जो अपने समय का सबसे अधिक दुरुपयोग करते हैं, वे ही समय की कमी की सबसे अधिक शिकायत करते हैं।*
-ब्रूयर

।। श्री हरिः ।।
नमामि देवी नर्मदे

# अमृत दर्शन

RNI No. MPHIN /2004 /13927
वर्ष - 22 अंक - 57
नर्मदापुरम
शनिवार, 13 दिसंबर 2025
● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपया
Website : www.amritdarshan.com

नर्मदापुरम का प्रथम हिन्दी दैनिक


संपादकीय

## डॉ. मोहन यादव सरकार के दमदार दो साल



मध्य प्रदेश में लोकप्रियता के नए कीर्तिमान स्थापित करने वाली डाक्टर मोहन यादव सरकार के आज दो वर्ष पूरे हो रहे हैं। अगर हम प्रदेश सरकार पिछले दो वर्षों के कार्यकाल पर नजर डालें तो पहली बार लोकसभा चुनाव में छिंदवाड़ा समेत पूरी 29 सीटों पर भाजपा का कब्जा हुआ। डॉ मोहन यादव ने तमाम सरकारी संस्थानों में विकेंशी निकलीं पुलिस आंगनबाड़ी समेत एक दर्जन विभागों में नियुक्तियां हुई, युवा को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए दृढ़संकल्पित सीएम ने लगातार इंवेस्टमेंट मीट किए हैदराबाद में जाकर प्रदेश में इन्वेस्टमेंट करने के लिए अंतरराष्ट्रीय कंपनियों को प्रेरित किया, किसानों को फसल खराब होने पर मुआवजा एमएसपी और भावांतर का पैसा दिया। लाडली बहनों को एक हजार से अब पंद्रह रुपए मासिक दिए जाने लगे। लेकिन इन सब के बीच जो सबसे बड़ी उपलब्धि डॉ मोहन यादव सरकार की है वह है प्रदेश को नक्सलियों से मुक्त कर देना। सीएम की प्रेरणा से करोड़ो रुपए के ईनामी सैकड़ों नक्सली सरेंडर कर मुख्य धारा से जुड़ चुके हैं। और हां इसी महीने मैट्रो भी भोपाल में दौड़ने वाली है।

मोहन सरकार ने दो वर्षों में शिक्षा ,स्वस्थ,कानून व्यवस्था,रोजगार, महिला,किसान,सभी के लिए जो कार्य किए वह उल्लेखनीय उपलब्धि है। भारतीय संस्कृति प्राचीन परम्परा को जीवित रखने का जो काम किया वह सराहनीय कार्य रहा।सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही कि मध्य प्रदेश में उद्योग निवेश बड़ा कर रोजगार स्थापित किए गए।

मुख्यमंत्री ने नदी जोड़ो अभियान को सिंचाई के रकबे में तेजी से वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने पार्वती, कालीसिंध और चंबल नदी को राजस्थान और मध्य प्रदेश में परस्पर सौहार्द के तहत जोड़ने की योजना से दोनों राज्यों को मिलने वाली राहत का जिक्र किया। धार्मिक विकास पर बोलते हुए सीएम ने बताया कि उज्जैन की शिप्रा नदी में स्नान की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए 800 करोड़ रुपए की योजना बनाई गई है, जिससे आगामी सिंहस्थ में साधु-संत शिप्रा के जल से स्नान कर सकेंगे। इसके अलावा, गंभीर और खान नदी को टनल बनाकर जोड़ने का राज्य के अंदर नदी जोड़ो अभियान भी शुरू किया गया है।

स्वास्थ्य क्षेत्र में विशेषज्ञों की कमी को देखते हुए सीएम ने बड़ा बयान दिया: 'हम प्राइवेट सेक्टर से ज्यादा वेतन देकर एक्सपर्ट डॉक्टरों को सरकारी सेवाओं में आगे लाएंगे।' उन्होंने कहा कि तेज गति से खुल रहे मेडिकल कॉलेजों के लिए मैनपॉवर आवश्यक है। शहरी विकास को गति देने के लिए, सरकार ने मध्यप्रदेश महानगर क्षेत्र नियोजन एवं विकास अधिनियम 2025 को मंजूरी दी है, जिसके तहत इंदौर, उज्जैन, भोपाल, जबलपुर और ग्वालियर को मेट्रोपॉलिटन सिटी घोषित किया गया है।

## अंतर्मना उवाच

**यदि आप जानना चाहते हैं कि आपको कौन नियंत्रित करता है.. तो आप आँख मूंदकर सोचें हम किसके बारे में गलत नहीं सोचते..? और यह भी जानो कि हम क्या नहीं जानते..? जो नहीं जानते उसके बारे में जानने की शुरूआत आज से ही शुरु कर देना चाहिए..!**



मनुष्य का स्वभाव बन गया है कि मान्यताओं की खोज करना। किसी समूह की मान्यताओं से जुड़ने के बाद हमें लगता है कि हम सम्बद्ध हो गये और मान्यताओं की पहचान बन गये। और **हम अपने आप को पूर्वाग्रहों की धारणाओं से मजबूत समझने लगते हैं।** जबकि विनय, विवेक और विचारशील मनुष्यों की बुनियादी प्रवृति देखी गई है कि वे बनी बनाई मान्यताओं पर आँख मूंदकर नहीं चलते। बल्कि **उनके पद चिन्ह ऐसे आदर्श की मिसाल बन जाते हैं जो पंथ का नहीं, पथ का मार्ग प्रशस्त करते हैं।**

आज जहाँ देखो पंथवाद, संतवाद, सम्प्रदायवाद, पूर्वाग्रह, दुराग्रह, हटाग्रह से पीड़ित लोग धर्म की आड़ में इन सब विशेषणों को बेशरम के पेड़ की तरह लगाने और फैलाने में लगे हुये हैं। **धर्म का मर्म अनंत सुख है और पंथवाद, संतवाद, सम्प्रदायवाद, का सुख आपकी एक स्वांस रुकने तक का है।** आप कहीं भी जाओ, अब धर्म की खुशबु नहीं आती। बल्कि धर्म के नाम पर पूर्वाग्रह, दुराग्रह, हटाग्रह, संतवाद, पंथवाद, सम्प्रदायवाद की बू आ रही है।

**इसलिए -**

- **धर्म अग्नि की तरह है** - जो भी धर्म की शरण में आयेगा, उसके पाप का, दुराचार का, अनाचार का, व्यभिचार का दहन होगा ही होगा।
- **धर्म पानी की तरह है** - जो भी धर्म का पानी पीयेगा, धर्म उसकी प्यास बुझायेगा ही बुझायेगा।
- **धर्म औषधी के समान है** - जो धर्म की औषधी खाएगा, उसके जन्म मरण का नाश होगा ही होगा।
- **धर्म एक ही है** - अहिंसा, संयम, तप और दया।
- **दिल्ली एक है** - आने के मार्ग अलग-अलग है।
- **अग्नि एक है** - जो भी अग्नि में हाथ डालेगा, वो जलेगा ही जलेगा ...!!!

■ अंतर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज

### मोहन सरकार के दो साल: सीएम बोले- सरकार हर वादा पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध

# विकास, सुशासन और भविष्य का रोडमैप तैयार



### मप्र में जल्द ही ई-बसें दौड़ेंगी

सीएम ने कहा कि प्रदेश में जल्द ही ई-बसें भी शुरू की जाएंगी। गरीब कल्याण के लिए अनेक निर्णय लिए हैं। बजट को पांच साल में दोगुना करने का लक्ष्य है। प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय को 1 लाख 54 हजार रुपए तक बढ़ाया गया है। उन्होंने कहा कि 2600 रुपए प्रति क्विंटल गेहूं खरीदा, सोयाबीन की खरीद के लिए भावांतर योजना लॉन्च की गई। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत बहनों को दी जाने वाली मासिक राशि भी बढ़ा दी गई है। अब हमारी बहनों को हर माह 1500 रुपए दिए जा रहे हैं।

### सिंचाई रकबा 100 लाख हेक्टेयर बनाने का लक्ष्य

कृषि क्षेत्र को अगले वर्ष की प्राथमिकता बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 2026 को कृषि वर्ष घोषित किया गया है। सिंचाई का रकबा 42 लाख हेक्टेयर से बढ़ाकर 54 लाख किया जा चुका है और लक्ष्य 100 लाख हेक्टेयर का है। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने, फसल प्रसंस्करण उद्योग लगाने और किसानों को सही दाम दिलाने पर सरकार काम कर रही है। दूध उत्पादन को बढ़ाकर 9% से 20% करने का लक्ष्य तय किया गया है। लाडली बहना योजना की राशि 1250 से बढ़ाकर 1500 रुपये की गई है और प्रति व्यक्ति आय में भी महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है।




भोपाल ■ प्रतिनिधि

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को अपने दो वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियों पर आधारित पुस्तक का विमोचन करते हुए राज्य में हुए विकास कार्यों और आने वाले वर्षों के लिए तैयार रोडमैप की जानकारी दी। सीएम ने कहा कि ये दो वर्ष मध्यप्रदेश के विकास और सेवा के वर्ष रहे हैं, जिनके हर चरण के साक्षी प्रदेश के नागरिक हैं। बीते वर्ष के कामों की समीक्षा करते हुए सरकार ने आगामी तीन वर्षों के विकास की दिशा भी तय कर ली है। सीएम ने कहा कि सरकार हर वादा पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

**केन बेतवा नदी जोड़ो परियोजना बड़ा अभियान**- सीएम ने जल संसाधन और सिंचाई विस्तार पर सरकार के कार्यों का उल्लेख करते हुए बताया कि केन-बेतवा लिंक परियोजना, पार्वती कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना को लेकर त्रि-पक्षीय समझौता और तापी बेसिन मेगा रिचार्ज परियोजना के लिए महाराष्ट्र के साथ एमओयू किया। उन्होंने कहा कि नर्मदा-शिप्रा बहुउद्देश्यीय माइक्रो सिंचाई योजना से प्रदेश को बड़ा लाभ मिला है। 2498 करोड़ की लागत से बनी इस परियोजना से 100 गांवों की 30 हजार हेक्टेयर से अधिक भूमि को सिंचाई सुविधा मिलेगी। शिप्रा नदी को पुनर्जीवित करने के लिए 800 करोड़ की योजना भी तैयार की गई है। सिंहस्थ में क्षिप्रा के जल से ही श्रद्धालु स्नान करेंगे। यहां 250 से अधिक नदियां बहती हैं। हम बूंद-बूंद पानी को सहेजने की योजना बना रहे हैं।

**सौर पार्क विकसित किए जा रहे**- ऊर्जा और औद्योगिक विकास पर बात करते हुए सीएम ने बताया कि मुरैना में देश की पहली सोलर प्लस स्टोरेज परियोजना 2.70 रुपए प्रति यूनिट की दर पर स्थापित की गई है। सबसे सस्ती बिजली अपना राज्य दे रहा हैं। राज्य में 2000 मेगावॉट अतिरिक्त सौर पार्क विकसित किए जा रहे हैं। पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क से 3 लाख से अधिक रोजगार सृजित होंगे जबकि 6 लाख कपास उत्पादकों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। पहले हमारा कपास और उनका धागा-कपड़ा। अब कपास भी हमारा, धागा भी हमारा और कपड़ा भी हमारे यहां ही बनेगा। सीएम ने कहा कि पहली बार जीआईएस कराई और आरआईसी का आयोजन किया।

### प्रदेश लाल सलाम से मुक्त बड़ी उपलब्धि

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले दो वर्षों का लघु चित्र यदि देखा जाए तो प्रदेश ने हर मोर्चे पर उल्लेखनीय प्रगति की है। वैश्विक परिस्थितियों ने भारत को विश्व में अग्रणी भूमिका दी है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व ने हर चुनौती को अवसर में बदला है। उन्होंने नक्सल समस्या पर बात करते हुए बताया कि 1989 से सक्रिय नक्सलवाद को समाप्त करना बड़ी चुनौती थी, लेकिन केंद्र के सहयोग और गृहमंत्री अमित शाह द्वारा तय 2026 की डेडलाइन से पहले ही प्रदेश ने उल्लेखनीय सफलता हासिल कर ली है। '42 दिनों में 42 नक्सलियों के सरेंडर होना इस दिशा में बड़ी उपलब्धि है। प्रदेश के डिंडोरी, मंडला और बालाघाट को लाल सलाम से मुक्त किया।

### मोदी सरकार का बड़ा फैसला

# 2027 में होगी देश की पहली डिजिटल जनगणना, 11,718 करोड़ के बजट को दी मंजूरी

नई दिल्ली ■ एजेंसी

केंद्र सरकार ने शुक्रवार को एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए देश की अगली जनगणना को लेकर स्थिति साफ कर दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में वर्ष 2027 की जनगणना कराने के प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी गई। इस महाभियान को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए सरकार ने 11,718.24 करोड़ रुपये का भारी-भरकम बजट स्वीकृत किया है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि यह भारत के इतिहास की पहली 'डिजिटल जनगणना' होगी, जिसकी डिजिटल डिजाइन तैयार करते समय डेटा सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है।

जनगणना की यह विशाल प्रक्रिया दो चरणों में पूरी की जाएगी। अश्विनी वैष्णव के अनुसार, पहला चरण जिसमें हाउस लिस्टिंग (मकानों की सूची) और हाउसिंग जनगणना शामिल है, अप्रैल से सितंबर 2026 के बीच आयोजित किया जाएगा। इसके बाद, मुख्य जनसंख्या गणना का दूसरा चरण फरवरी 2027 में होगा। हालांकि, भौगोलिक चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए सरकार ने पर्वतीय क्षेत्रों के लिए अलग समय सारिणी तय की है। लद्दाख, जम्मू-कश्मीर के कुछ बर्फीले इलाकों तथा हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के ऊंचे क्षेत्रों में जनसंख्या गणना का काम समय से पहले, यानी सितंबर 2026 में ही पूरा कर लिया जाएगा ताकि मौसम बाधा न बने।

तकनीकी रूप से यह जनगणना बेहद उन्नत होगी। यह दुनिया की सबसे बड़ी प्रशासनिक और सांख्यिकीय कवायद होगी, जिसमें करीब 30 लाख कर्मचारी हिस्सा लेंगे। पुरानी कागजी फाइलों की जगह इस बार डेटा संग्रह के लिए मोबाइल ऐप का इस्तेमाल किया जाएगा और पूरी प्रक्रिया की निगरानी के लिए एक अत्याधुनिक केंद्रीय पोर्टल बनाया जाएगा। इससे आंकड़ों की गुणवत्ता और सटीकता में सुधार होने की उम्मीद है।



### कोलसेतु : कोयला लिंकेज की नीलामी नीति मंजूर

केन्द्र सरकार ने निर्बाध, कुशल और पारदर्शी उपयोग (कोलसेतु) के लिए कोयला लिंकेज की नीलामी की नीति को मंजूरी दे दी है। इसके तहत किसी भी औद्योगिक उपयोग और निर्यात के लिए कोयले का उपयोग करने को लेकर 'कोलसेतु' नामक एक नई विंडो बनाई गई है। मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने आज इस नीति को मंजूरी दी। यह नई नीति सरकार के कोयला क्षेत्र के सुधारों की श्रृंखला का हिस्सा है।

### विमानन संकट के बीच डीजीसीए का कड़ा प्रहार

# 4 फ्लाइट इंस्पेक्टर सस्पेंड, इंडिगो सीईओ की आज हो सकती है पेशी

नई दिल्ली ■ एजेंसी

देश की विमानन व्यवस्था में मची भारी उथल-पुथल के बीच नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने शुक्रवार को एक बड़ा और सख्त कदम उठाते हुए अपने चार फ्लाइट ऑपरेशन इंस्पेक्टरों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। ये अधिकारी एयरलाइनों की सुरक्षा, पायलट प्रशिक्षण और परिचालन संबंधी नियमों के अनुपालन की निगरानी जैसी बेहद महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां संभालते थे।



नियामक संस्था द्वारा यह कार्रवाई ऐसे समय में की गई है जब इंडिगो एयरलाइंस भीषण संकट से जूझ रही है और इसके सीईओ पीटर एल्बर्स के आज डीजीसीए के समक्ष पेश होने की संभावना है। इंडिगो एयरलाइंस में पिछले कुछ दिनों से जारी संकट ने विकराल रूप ले लिया है। पिछले सप्ताह शुक्रवार को देश भर में इंडिगो की 1,600 से अधिक उड़ानें रद्द हुई थीं, जो भारतीय विमानन इतिहास का अब तक का सबसे बड़ा व्यवधान माना जा रहा है।

### पाक पीएम को पुतिन ने दिखाई हैसियत: कराया 40 मिनट तक इंतजार

**अश्गाबात।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ शुक्रवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मिलने के लिए 40 मिनट तक इंतजार करते रहे। जब पुतिन की ओर से शहबाज शरीफ को बुलावा नहीं आया तो वह अपने सहयोगियों के साथ जबरन बैठक में घुस गए।

शहबाज शरीफ तुर्कमेनिस्तान की राजधानी अश्गाबात में चल रही इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में शामिल होने पहुंचे हैं। शहबाज शरीफ की इस हरकत से पाकिस्तान की दुनियाभर में बेइज्जती हो रही है। एक वीडियो में देखा जा सकता है कि शहबाज शरीफ कुर्सी पर बैठे इंतजार कर रहे हैं।

### विधानसभा का एक दिनी विशेष सत्र 17 दिसंबर को, अधिसूचना जारी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश विधानसभा का एक दिवसीय विशेष सत्र 17 दिसंबर बुधवार को आयोजित किया जाएगा। इस सत्र में प्रदेश को विकसित, आत्मनिर्भर और समृद्ध राज्य बनाने की दिशा में सरकार की योजनाओं और भविष्य की रणनीति पर चर्चा की जाएगी। विधानसभा सचिवालय ने जानकारी दी है कि राज्य की 16वीं विधानसभा का एक दिवसीय अष्टम सत्र बुधवार, 17 दिसंबर 2025 को आयोजित किया जाएगा। सत्र सुबह 11 बजे से शुरू होगा। इसके लिए राज्यपाल की मंजूरी के बाद आधिकारिक अधिसूचना जारी कर दी गई है। यह सत्र भले ही एक दिन का हो, लेकिन इसे महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि इसमें मध्य प्रदेश को विकसित, आत्मनिर्भर और समृद्ध राज्य बनाने की दिशा में सरकार की योजनाओं और भविष्य की रणनीति पर चर्चा की जाएगी। विभिन्न दलों के विधायकों को प्रदेश के विकास, अर्थव्यवस्था, रोजगार, किसानों, महिलाओं, युवाओं और बुनियादी ढांचे से जुड़े मुद्दों पर अपने सुझाव रखने का अवसर मिलेगा।

# शाह ने अंडमान-निकोबार को बताया 'तपोभूमि' सावरकर ने जीवन के कठिन वर्ष यहीं बिताए

श्री विजयपुरम ■ एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने स्वातंत्र्यवीर सावरकर के 'सागरा प्राण तळमळला' गीत के 115 वर्ष पूर्ण होने पर अंडमान और निकोबार के श्री विजयपुरम में एक कार्यक्रम को संबोधित किया। अमित शाह ने इस दौरान कहा कि अंडमान और निकोबार सिर्फ द्वीपों की एक श्रृंखला नहीं है। यह असंख्य स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान, समर्पण और देशभक्ति से बनी एक 'तपोभूमि' है।



सावरकर की कविता 115 वर्ष पूरे होने पर गृह मंत्री ने कहा, 'हम सब एक पवित्र भूमि पर एकत्रित हुए हैं। स्वतंत्रता से पहले, कोई भी यहां अपनी मर्जी से नहीं आता था। जिन्हें भी यहां लाया जाता था, उनका परिवार उन्हें भूल जाता था। उस दौर में, कोई यह नहीं सोचता था कि 'काला पानी' में सजा काटने के बाद कोई वापस लौट भी सकता है।'

उन्होंने आगे कहा, 'जब तक वे लौटते, उनका शरीर, मन और आत्मा इतनी कमजोर हो जाती थी कि वे कभी पूरी तरह से ठीक नहीं हो पाते थे। लेकिन आज, यह सभी भारतीयों के लिए एक तीर्थस्थल है क्योंकि वीर सावरकर ने अपने जीवन के सबसे कठिन वर्ष यहीं बिताए।' अमित शाह ने कहा, 'यहां कई लोगों ने अपने प्राणों का बलिदान दिया। मैंने सेलुलर जेल के रिकॉर्ड का गहन अध्ययन किया है; केवल दो ही ऐसे प्रांत हैं जिनके स्वतंत्रता सेनानियों को यहां फांसी नहीं दी गई।'




# सायबर ठगों ने रकम न देने पर ट्रक चालक को बंधक बनाकर पीटा

### चालक के एकाउंट में जमा कराये थे चार लाख, 1 लाख नहीं लौटा रहा था

**भोपाल ■ निसं**

साइबर ठगोरो द्वारा एक ट्रक चालक के एकांउट में 4 लाख की रकम ट्रांसफर कराई गई। बाद में चालक ने आरोपियो को 3 लाख की रकम तो दे दी लेकिन बाकी के 1 लाख को लेकर उसका आरोपियो से विवाद हो गया। ठगो ने उसे बातचीत करने के बहाने मिलने के लिये फरियादी को बुधवार रात विदिशा बुलाया। फरियादी के वहॉ पहुंचने पर उनके बीच फिर 1 लाख की रकम को लेकर विवाद हो गया। इसके बाद चार आरोपियो ने रात भर उसे एक होटल रूम में बंधक बनाकर रखते हुए मारपीट की। अगली सुबह आरोपी ट्रक चालक को भोपाल के मिसरोद स्थित एक कॉलोनी में लाए। इससे पहले रास्ते भर उसे पीटा गया। भोपाल आते ही पीड़ित ने मदद के लिये जोर-जारे से शोर मचाना शुरु कर दिया, जिससे घबराकर आरोपी उसे छोड़कर भाग गये। इसके बाद फरियादी मिसरोद थाने पहुंचा और पुलिस का सारी बात बताई। पीड़ित की शिकायत के आधार पर मिसरोद पुलिस ने घटना की जांच शुरु कर दी है। मिली जानकारी के मुताबिक भानपुरा मंदसौर के रहने वाले नीरज मालवीय उर्फ लखन ने पुलिस को बताया की वह खुद का ट्रक चलाते हैं। करीब तीन मीने पहले उनकी मुलाकात राजस्थान के रहने वाले आरोपी हरिओम वैणव से हुई थी। हरिओम ने उन्हें बताया था, कि वह ऑनलाइन गेम में पैसा लगाता है। कुछ लोग उसके संपर्क में है, जो इस गेम की रकम को दूसरों के खातों में ट्रांसफर कराते हैं।

### राज्यपाल पटेल ने की जनमन अभियान की समीक्षा

# मोबाइल यूनिट रूट चार्ट के अनुसार दवा वितरित करें : राज्यपाल

**भोपाल ■ निसं**

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा वितरित किए जाने वाली दवा की मात्रा मोबाइल यूनिट रूट चार्ट के अनुसार की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि रोगी को दवा की आवश्यकता और मेडिकल यूनिट के पुन: आगमन की अवधि की गणना के अनुसार दवा का वितरण होना चाहिए, जिससे यूनिट के दोबारा आने तक रोगी के पास दवा की उपलब्धता बनी रहे।

राज्यपाल पटेल शुक्रवार को लोक भवन में जनजातीय प्रकोष्ठ की पीएम जनमन योजना की समीक्षा बैठक में




जनजातीय कार्य विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर रहे थे। इस अवसर पर जनजातीय प्रकोष्ठ के अध्यक्ष दीपक खांडेकर एवं अन्य सदस्य भी मौजूद थे।

राज्यपाल पटेल ने कहा कि जनमन योजना के तहत हितग्राहियों को मिले आवास में विद्युत कनेक्शन की उपलब्धता सुनिश्चित की जानी चाहिए। आवास वार विद्युत कनेक्शनों की उपलब्धता की जानकारी संकलित कर, जिन घरों में विद्युत कनेक्शन नहीं है, उनको चिह्नित किया जाए। विद्युत कनेक्शन कराने की व्यवस्था की जाए। राज्यपाल पटेल को बताया गया कि लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा जनमन योजना अंतर्गत संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा 9 लाख 52 हजार से अधिक रोगियों का पंजीकरण किया गया है। इनमें 4 लाख 75 हजार 375 पी.व्ही.टी.जी. हितग्राही और 4 लाख 76 हजार 647 अन्य हितग्राही शामिल हैं। यूनिट द्वारा 95 हजार 360 सिकल सेल और 15 हजार 811 की टी.बी. स्क्रीनिंग की गई। 7 लाख से अधिक रोगियों की डायग्नोस्टिक जाँच भी की है।

बैठक में बताया गया है कि पीएम जनमन योजना, प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान वर्ष 2023-24 से 2025-26 तक प्रदेश के 24 जिलों में संचालित है। योजना के तहत पी.व्ही.टी.जी. की 6 हजार से अधिक बसाहटों के 13 लाख 43 हजार से अधिक पी.व्ही.टी.जी. आबादी को लाभान्वित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत हितग्राही मूलक सात योजनाओं आधार कार्ड, जनधन बैंक खाता, आयुष्मान भारत, जाति प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि और राशन कार्ड में सैचुरेशन की स्थिति है।

## संक्षिप्त समाचार

### टेंट हाउस में तीसरी बार हुई चोरी, हजारों की नगदी पार

**भोपाल।** कोहेफिजा थाना इलाके में लालघाटी वल्लभनगर स्थित गायत्री टेंट हाउस पर बैखौफ चोरो ने दो दिन पहले रात के अंधेरे में तीसरी बार धावा बोलते हुए माल पार कर दिया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस टीम ने घटनास्थल की जॉच करते हुए फिंगरप्रिंट्स सहित अन्य सुराग जुटाये है। जिनके आधार पर आगे की जॉच की जा रही है। दुकान संचालक राकेश सोलंकी के अनुसार सिमरन अपार्टमेंट में स्थित उनकी दुकान में पूर्व में भी दो बार चोरी हो चुकी है, जिसके सीसीटीवी फुटेज पुलिस को सौपें गए थे। हालांकि पूर्व में इसी टेंट हाउस में हुई चोरी का खुलासा हुआ या नहीं इसके बारे में जानकारी नहीं मिल सकी है। फरियादी का कहना है, कि दो दिन पहले हुई चोरी में बदमाश 10 हजार से अधिक की नगदी समेटकर ले गये है। फिलहाल पुलिस आरोपी का सुराग जुटाने के लिये घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार व्यापारी की मौत

**भोपाल।** देहात इलाके के मिसरोद थाना क्षेत्र में बीती दोपहर अज्ञात वाहन ने बाइक सवार व्यापारी को टक्कर मार दी। एक्सीडेंट में गंभीर रुप से घायल बाइक को इलाज के लिये अस्पताल पहुचांया गया जहॉ उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुचीं पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के मुताबिक इंडस टाउन में रहने वाले माखनलाल विश्वकर्मा पुत्र हजारीलाल विश्वकर्मा (52) फुटकर व्यापारी थे। बीती सुबह वह अपने काम के चलते बाइक से मिसरोद की ओर जा रहे थे। रास्ते में उनकी बाइक को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी थी। आसपास के लोगो की मदद से गंभीर हालत में उन्हें इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया था, जहां कुछ देर चले इलाज के बाद उन्होनें दम तोड़ दिया। अस्पताल से मिली सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए एम्स भेज दिया। पुलिस टक्कर मारने वाले वाहन की जानकारी जुटा रही है।

### पत्नि की मौत से दुखी पति ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**भोपाल।** शहर के जहांगीराबाद थाना इलाके में तीन महीने पहले पत्नी की मौत से दुखी चल रहे पति ने भी फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर आगे की जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रस्तीपुरा में रहने वाला 35 वर्षीय रवि शाक्य नगर निगम में पदस्थ था। बीती दोपहर उसने अपने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। बाद में परिवार वालो से मिली सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की जॉच के बाद मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया कि करीब तीन महीने पहले रवि की पत्नी श्वेता ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली थी। पत्नि की मौत के बाद से वह काफी मानसिक तनाव में चल रहा था। परिवार वालो ने आंशका जताई है, की इसी तनाव के कारण उसने यह कदम उठाया होगा। हालांकि पुलिस का कहना है कि मौके से कोई सुसाइड नोट या अन्य ऐसा सुराग नहीं मिला है, जिससे खुदकुशी के कारणों का खुलासा हो सके है।

### मंत्री टेटवाल प्रतिमाह दो बार प्रदेश के आईटीआई के विद्यार्थियों से होंगे रूबरू

# कौशल प्रशिक्षण को वैश्विक मानकों से जोड़ना हमारी प्राथमिकता - मंत्री टेटवाल

### शाला त्यागी बेटियों का कौशल प्रशिक्षण लेकर रोजगार से जुड़ने से महिला सशक्तिकरण को मिलेगा संबल

**भोपाल ■ निसं**

कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल ने कहा कि कौशलम् संवाद का उद्देश्य प्रदेश के विभिन्न प्रशिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत विद्यार्थियों से सीधे जुड़कर उनके कौशल, प्रगति, अवसरों और उपलब्धियों को समझना है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार कौशल विकास को वैश्विक मानकों से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयासरत है और विद्यार्थियों को देश-विदेश में प्रशिक्षण के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। संवाद के प्रथम चरण में बच्चों से उनकी यात्रा, चुनौतियों और सफलता के अनुभव सुनकर वे विशेष रूप से प्रसन्न और प्रोत्साहित हुए।

मंत्री टेटवाल ने सिंगापुर कौशल प्रशिक्षण के लिए चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह अवसर न



केवल उनके करियर को नई दिशा देगा बल्कि वे लौटकर अपने संस्थानों और साथियों को भी उन्नत प्रशिक्षण में सहयोग करेंगे, जिससे विकसित मध्यप्रदेश और विकसित भारत के निर्माण को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि सिंगापुर जाकर बच्चे जिस तरह उच्च तकनीक और कार्य-संस्कृति को सीखेंगे, वह कौशल भारत अभियान को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

मंत्री टेटवाल ने संवाद के दौरान यह भी बताया कि प्रदेश में आईटीआई संस्थानों से निकलने वाले युवा अब बड़ी कंपनियों में कार्य कर रहे हैं, जो यह प्रमाणित करता है कि कौशल प्रशिक्षण का स्तर लगातार उच्च हो रहा है। संवाद में उन्होंने अंचल की उन शाला त्यागी बालिकाओं से बात की जिन्होंने आईटीआई में प्रवेश लिया, विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण प्राप्त किया और अब प्रतिष्ठित कंपनियों में कार्यरत हैं। मंत्री टेटवाल ने कहा कि यह उदाहरण महिला सशक्तिकरण की दिशा में प्रदेश सरकार के प्रयासों की सफलता को दर्शाता है और यह देखकर संतोष होता है कि बेटियाँ लगातार नए अवसरों को अपनाकर आगे बढ़ रही हैं।

डिवीजनल आईटीआई भोपाल के श्रवण बाधित विद्यार्थियों के साथ संवाद में मंत्री टेटवाल ने उनके नेशनल डेफ क्रिकेट टीम में चयन पर शुभकामनाएँ दीं और कहा कि यह उपलब्धि सिद्ध करती है कि प्रतिभा किसी सीमा की मोहताज नहीं होती। उन्होंने बच्चों को बताया कि उनकी यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक है और सरकार समावेशी कौशल प्रशिक्षण को और अधिक मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

मंत्री टेटवाल ने जर्मनी में विशेष तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त कर आने वाले पिपरिया आईटीआई के प्रशिक्षण अधिकारी बलदेव शर्मा को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि संस्थान की गुणवत्ता को नए स्तर पर ले जायेगी और इस प्रकार के अंतरराष्ट्रीय सहयोग से प्रदेश का कौशल ढांचा और अधिक सुदृढ़ होगा। इसी क्रम में उन्होंने आईटीआई खिलचीपुर के 42 प्रशिक्षणार्थियों के कैम्पस प्लेसमेंट पर बधाई दी। प्रशिक्षणार्थियों को देवास की वोल्वो आइशर कंपनी से नौकरी के ऑफर लेटर प्राप्त हुए हैं।

# भोपाल में लालघाटी पुलिस चौकी के पास लगी आग

### आसमान में छाया धुएं का गुबार; डिजाइनर पिलर क्षतिग्रस्त



**भोपाल ■ निसं**

शहर के लालघाटी पुलिस चौकी के पास शुक्रवार दोपहर को ब्रिज में आग लगने से हड़कंप मच गया। ब्रिज पर बने लकड़ी के डेकोरेशन में लगी आग के कारण आसमान में काले धुएं का गुब्बारा फैल गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि ब्रिज पर डेकोरेशन में लाइटिंग का भी उपयोग किया गया था। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

**PWD का डिजाइनदार पिलर क्षतिग्रस्त:** दमकल की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। हालांकि, आग लगने के कारण पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाए गए डिजाइनदार पिलर भी क्षतिग्रस्त हो गए। इस घटना के कारण लालघाटी क्षेत्र में लंबा ट्रैफिक जाम लग गया और लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। पुलिस ने आसपास के क्षेत्र को कंट्रोल में लेकर ट्रैफिक सुचारू करने का प्रयास किया। कोहेफिजा थाना क्षेत्र में यह घटना हुई और अधिकारियों ने कहा कि आग लगने के कारणों की जांच जारी है।

### बच्चों की लघु नाटिका प्रस्तुत

# अंगुलियों और अंगूठें की लड़ाई में हथेली की समझाइश



**भोपाल ■ निसं**

लघु नाटिका की शुरुआत पांच उंगलियों से हुई जो आपस में बहस कर रही थीं, प्रत्येक कह रही थी कि मैं महान हूँ। 'मैं महान हूँ!' 'नहीं, मैं महान हूँ!' उंगलियाँ अपनी सामूहिक शक्ति से अनजान, बहस करती रहीं।

तभी हथेली वहाँ आई और इस हलचल को देखकर मुस्कराई। नर्म मुस्कान के साथ, हथेली ने उंगलियों को धीरे से समझाया कि वे व्यक्तिगत रूप से महान नहीं हैं, बल्कि एक साथ मिलकर एक शक्तिशाली मुट्ठी बनाती हैं। 'तुम साथ में काम करने पर मजबूत हो, अलग-अलग नहीं,' इस बात पर जोर दिया।

उंगलियों ने अपनी गलती का एहसास किया और अपनी सामूहिक शक्ति का प्रदर्शन करने के लिए एक साथ जुड़ गईं। दर्शकों ने ताली बजाई जब छोटे कलाकारों ने एकता की शक्ति का प्रदर्शन किया।

यह लघु नाटिका मंचित की गई रातीबड मार्ग स्थित शारदा विद्या मंदिर परिसर में, जहां स्कूल के केजी टू-बी के छोटे बच्चों ने अंगुलियों और हथेलियों के माध्यम से यह विचारोत्तेजक लघु नाटिका प्रस्तुत की और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। 'एकता में शक्ति' नामक इस प्रदर्शन ने एक टीम के रूप में मिलकर काम करने के महत्व पर प्रकाश डाला।

लघु नाटिका ने प्रभावी ढंग से यह संदेश दिया कि जब व्यक्ति अपने मतभेदों को अलग रखकर एक साथ काम करते हैं, तो वे महान चीजें हासिल कर सकते हैं। केजी 2-बी के छात्रों ने अपनी रचनात्मकता, टीम वर्क और इस मूल्यवान सबक की समझ का प्रदर्शन किया। ऐसी अर्थपूर्ण और मनोरंजक लघु नाटिका प्रस्तुत करने के लिए सभी बच्चों और उनके मेंटर्स को बधाई दी गई।

### भोपाल मेट्रो के कमर्शियल रन की तैयारियां जोरों पर

# एक हफ्ते तक बिना टिकट कर सकेंगे यात्रा

### वर्चुअली जुड़ेंगे पीएम, केंद्रीय मंत्री खट्टर दिखाएंगे हरी झंडी

**भोपाल ■ निसं**

भोपाल में मेट्रो का कमर्शियल रन 21 दिसंबर को होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इवेंट में वर्चुअली जुड़ेंगे। केंद्रीय शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर मेट्रो का उद्घाटन करेंगे। वे फूलों से सजी 3 कोच की मेट्रो से भोपाल को देखेंगे। पहले सप्ताह में लोग नि:शुल्क यात्रा कर पाएंगे। कमर्शियल रन की तारीख में बदलाव भी हो सकता है। 21 की जगह 20 दिसंबर को ही मेट्रो की शुरुआत हो सकती है। हालांकि, सीएम डॉ. मोहन यादव खजुराहो के कन्वेंशन सेंटर में 21 दिसंबर को मेट्रो की शुरुआत करने की बात कह चुके हैं। इससे पहले कमर्शियल रन के कार्यक्रम को लेकर बीजेपी संगठन, सरकार और अफसरों के बीच मंथन का दौर जारी है।



बता दें कि कमिश्नर मेट्रो रेल सेफ्टी की टीम ने भोपाल मेट्रो के प्रायोरिटी कॉरिडोर के लिए ग्रीन सिग्नल दे दिया है। सीएमआरएस टीम 12 नवंबर को भोपाल पहुंची थी। 13, 14 और 15 नवंबर को टीम ने डिपो से लेकर ट्रैक और ट्रेन तक निरीक्षण किया था। कमिश्नर नीलाभ्र सेनगुप्ता के साथ टीम ने मेट्रो के नट-बोल्ट भी देखे थे। मेट्रो के कमर्शियल रन और पीएम मोदी के आने की खबरों के चलते सभी मेट्रो स्टेशनों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। मेट्रो ने स्टेशनों पर प्राइवेट सिक्योरिटी गार्ड तैनात किए हैं।

**काम बचा, लेकिन कमर्शियल रन पर असर नहीं:** भोपाल मेट्रो से जुड़े अफसरों का कहना है कि ऑरेंज लाइन के कमर्शियल रन के लिए वे सभी काम पूरे हो चुके हैं, जो जरूरी है। स्टेशनों का कुछ काम जरूर बचा है, लेकिन उससे कमर्शियल रन पर कोई असर नहीं पड़ेगा। हालांकि, स्टेशन के बाहर जरूरी काम निपटाए जा रहे हैं। सुभाष नगर मेट्रो स्टेशन के बाहर सडक़ निर्माण किया गया। ऐसा ही रानी कमलापति, एमपी नगर, केंद्रीय स्कूल, डीआरएम तिराहा, अलकापुरी और एम्स में भी बाकी बचे कामों पर फोकस रहा।

### भाई की शादी की तैयारियों के दौरान कुएं में गिरी बहन, हुई मौत

**भोपाल।** देहात क्षेत्र के नजीराबाद थाना इलाके में स्थित ग्राम सीतखोह में भाई की शादी की तैयारी में जुटी बहन की कुएं में गिरने से मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 24 वर्षीय रेखा बाई तवर पिछले डेढ़ साल से मायके में रह रही थ। इन दिनो घर में उसके भाई की शादी का कार्यक्रम चल रहा था। दोपहर के समय रेखा घर के पास बने कुएं से पानी भरने गई थी, उस समय परिवार के सभी लोग शादी की तैयारियों में जुटे थे। तभी अचानक पैर फिसलने से रेखा कुएं के भीतर जा गिरी और पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई। बाद में पड़ोस में रहने वाली महिला जब पानी भरने पहुंची तो उसे कुएं में रेखा साड़ी तैरती देखी। इसके बाद सूचना मिलने पर ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकलवाया गया। पुलिस आगे की कार्यवाही में जुटी है।

### आईआरसीटीसी द्वारा चुनिंदा वंदे भारत / अमृत भारत ट्रेनों में


# प्रतिष्ठित फूड एवं बेवरेज ऑपरेटरों के माध्यम से 'प्रूफ ऑफ कॉन्सेप्ट' भोजन परीक्षण

**भोपाल ■ निसं**

इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन लिमिटेड (ङ्खक्रष्टङ्खष्ट), रेल मंत्रालय के अंतर्गत एक नवरत्न केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रम है। आईआरसीटीसी वर्तमान में भारतीय रेल के नेटवर्क पर प्रतिदिन लगभग 16.50 लाख भोजन परोस रहा है और यात्रियों को प्रदान की जाने वाली सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

ट्रेनों में भोजन सेवाओं की गुणवत्ता में 'मौलिक परिवर्तन' लाने तथा ऑन-बोर्ड कैटरिंग सेवाओं में स्पष्ट सुधार लाने के उद्देश्य से आईआरसीटीसी ने कुछ चुनिंदा ट्रेनों में भोजन परीक्षण प्रारम्भ किए हैं। इन परीक्षणों का मुख्य फोकस पूरी आपूर्ति श्रृंखला में रसोई परिवेश, भोजन उत्पादन प्रक्रिया, भोजन





ट्रांसफर और भोजन सेवा पर है।

इस दिशा में आईआरसीटीसी खाना बनाने और सर्व करने की प्रक्रिया को अलग करते हुए क्कश्ष्ट चला रहा है, ताकि प्रतिष्ठित ब्रांडेड स्न×क्क प्लेयर्स-जैसे इंडस्ट्रियल किचन, रेस्तरां चेन और फ्लाइट कैटरर्स-को यात्रियों को ताज़ा, स्वच्छ एवं उच्च गुणवत्ता वाला भोजन उपलब्ध कराने के लिए शामिल किया जा सके। यह क्कश्ष्ट विभिन्न जोन्स में नवनिर्मित वंदे भारत एवं अमृत भारत ट्रेनों में संचालित किया जा रहा है। इस क्कश्ष्ट के अंतर्गत चयनित ट्रेनों की सूची निम्नानुसार है:

ट्रेन संख्या 20101/20102 - नागपुर-सिकंदराबाद वंदे भारत एक्सप्रेस: M/s HaldiramÓs (Nagpur) तथा Elior (Secunderabad)

ट्रेन संख्या 14047/14048 - दिल्ली-सीतामढ़ी अमृत भारत: M/s Touch Stone Foundation (Delhi)

ट्रेन संख्या 20633/20634 - कासरगोड-त्रिवेंद्रम: Casino Air Caterers & Flight Services (CAFS)

तथा ट्रेन संख्या 20631/20632 - मंगलुरु-त्रिवेंद्रम वंदे भारत (16/12/25 से प्रारंभ) - CAFS

ट्रेन संख्या 26901/26902 - अहमदाबाद-वेरावल वंदे भारत एक्सप्रेस: M/s CAFS Kitchen (Gandhinagar) एवं M/s Safal Foodies (Rajkot)

ट्रेन संख्या 26401/02 एवं ट्रेन संख्या 26403/04 - श्री माता वैष्णो देवी कटरा-श्रीनगर वंदे भारत ट्रेनें: Vaishno Devi Sarovar Portico (Katra & Srinagar)

ट्रेन संख्या 15567/15568 - बापूधाम मोतिहारी-आनंद विहार अमृत भारत एक्सप्रेस: M/s ISKON, Dwarka

इन भोजन परीक्षणों के माध्यम से यात्रियों को विविध, रेस्तराँ-स्तरीय मेन्यू उपलब्ध कराया जा रहा है जिसमें स्थानीय स्वादिष्ट व्यंजन भी शामिल हैं, ताकि यात्रा के दौरान संतुष्टि स्तर में वृद्धि हो। उपरोक्त ट्रेनों में भोजन सेवाओं को लेकर यात्रियों से सकारात्मक प्रतिक्रिया प्राप्त हुई है।

इस PoC से प्राप्त अनुभवों का विश्लेषण कर आईआरसीटीसी भविष्य में कैटरिंग सेवाओं में और अधिक सुधार एवं विस्तार लाने की दिशा में काम करेगा, ताकि हमारे मूल्यवान यात्रियों को और भी बेहतर सेवाएँ मिल सकें।

### बाणगंगा में स्मार्ट बिजली मीटर पर हंगामा

# महिलाएं बोलीं- बिना सहमति लगा रहे, कांग्रेस ने भी विरोध जताया

**भोपाल ■ निसं**

भोपाल के बाणगंगा इलाके में स्मार्ट बिजली मीटर लगाने पर हंगामा हो गया। शुक्रवार को यहां बिजली कंपनी के ठेका कर्मचारी स्मार्ट मीटर लगाने पहुंचे थे। जिसका महिलाओं ने विरोध किया। कहा कि बिना सहमति के मीटर क्यों लगा रहे हैं? इधर, कांग्रेसियों ने भी जबर्दस्ती मीटर लगाने का विरोध जताया है।

बाणगंगा के अलावा प्रताप नगर, हसनाथ नगर, दशहरा मैदान समेत 5 इलाकों में ठेका कंपनी के कर्मचारी मीटर लगाने पहुंचे थे। उनके विरोध में महिलाएं सामने खड़ी हो गईं। बाणगंगा की महिलाओं ने कहा कि बिना पूछे ही मीटर बदल दिया। कई घरों में ताला लगा था। फिर भी कर्मचारी मीटर लगा गए। वार्ड-24 के कांग्रेस अध्यक्ष शोएब खान ने बताया कि स्मार्ट मीटर के लिए ठेकेदार लोगों को धमका भी रहे हैं। मीटर लगाने से पहले लोगों को समझाया जाना चाहिए था, लेकिन बिजली कंपनी ने ऐसा नहीं किया।

**विरोध के बाद मीटर लगाने का काम बंद किया:** लोगों के विरोध के बाद यहां मीटर लगाने का काम फिलहाल बंद कर दिया गया। कर्मचारी भी लौट गए। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि मीटर जरूर लगाए जाएंगे। पूरे शहर में लग रहे हैं।

### सड़क सुरक्षा, तकनीकी सुधार के साथ सख्त पालन पर दिया जोर

# पुलिस अधीक्षक ने नर्मदापुरम से शिवपुर तक सड़क दुर्घटना स्थलों का निरीक्षण कर जाने कारण

सिवनी मालवा ■ निसं

नर्मदापुरम से सिवनी मालवा और शिवपुर थाना क्षेत्र तक पुलिस अधीक्षक साईं कृष्णा थोटा ने गुरुवार को व्यापक स्तर पर दुर्घटना स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने डोलरिया, धर्मकुंडी, भीलटदेव, ओवरब्रिज बानापुरा, दो पीपल बाबा मोड़, बस स्टैंड चौराहा, नन्दरवाड़ा बायपास, शिवपुर मार्ग के दुर्घटना जैसे स्थलों का वर्ष के अंतिम महीनों में सड़क हादसों को देखते हुए यह विशेष समीक्षा की गई।



सिवनी मालवा आए पुलिस अधीक्षक साईं कृष्णा थोटा ने बताया कि लगातार हो रही दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए महत्वपूर्ण दुर्घटना स्थलों की पहचान की जा रही है। जहां-जहां अधिक हादसे दर्ज हुए हैं, वहां पहुंचकर सड़क की वास्तविक स्थिति का निरीक्षण किया गया। उन्होंने सड़क की गुणवत्ता, यातायात दबाव, ब्लैक स्पॉट (जहा बार बार दुर्घनाएं होती हैं), खतरनाक मोड़, सिग्नल व्यवस्था और सड़क किनारे अवैध पार्किंग जैसी समस्याओं की विस्तार से समीक्षा की।

**तकनीकी सुधार पर जोर दिया:** पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षण के दौरान नंदरवाड़ा रोड, बस स्टैंड चौराहे पर पत्रकारों से रूबरू होते हुए कहा कि दुर्घटनाएं कम करने के लिए सभी आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे। जिन स्थानों पर सड़क चौड़ीकरण, उचित साइन बोर्ड, रिफ्लेक्टर लगाने, स्पीड कंट्रोल व्यवस्था, बढ़ी हुई पुलिस पेट्रोलिंग या अन्य तकनीकी सुधारों की आवश्यकता होगी, वहां जल्द कार्रवाई की जाएगी।

**यातायात नियंत्रण, नियमों के सख्त पालन पर ध्यान दे:** उन्होंने थाना क्षेत्र के स्टाफ को भी निर्देश दिए कि सड़क सुरक्षा जागरूकता, यातायात नियंत्रण और नियमों के सख्त पालन पर विशेष ध्यान दिया जाए ताकि आने वाले समय में दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। इस दौरान घटना के तथ्यों, परिस्थितियों और सड़क की स्थिति को देखा।

# क्लस्टरों पर की गई ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं की समीक्षा

हरदा ■ निसं

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमति अंजली जोसफ के निर्देशानुसार पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं की समीक्षा मैदानी स्तर पर की जा रही है, इस समीक्षा हेतु प्रत्येक सप्ताह में शुक्रवार के दिन निर्धारित किया गया।

आदेश के अनुक्रम में शुक्रवार को जिले के सभी 18 क्लस्टरों में विभाग की योजनाओं की समीक्षा की गई। ,समीक्षा बैठक में जनपद स्तर से क्लस्टर प्रभारी नियुक्त किए गए है। क्लस्टर प्रभारी की उपस्थिति में ग्राम पंचायत सचिव, जीआरएस के द्वारा योजनाओं की प्रगति का प्रस्तुतिकरण किया गया। क्लस्टर बैठक में एक बगिया मां के नाम, प्रधान मंत्री आवास योजना, महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत प्रगतिरत कार्य, पंचायतों में कराधान का संग्रहण, पंचायत भवनों की पूर्णता, नलजल योजनाओं की स्थिति, जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्य, सीएम हेल्प लाइन शिकायतों की समीक्षा, पंचायतों के विद्युत देयकों के भुगतान, पंचायत की परिसंपत्ति का प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता से समीक्षा में शामिल किया गया है। इस समीक्षा बैठक में संबंधित क्लस्टर के उपयंत्री एवं एडीओ, पीसीओ भी उपस्थित रहे।



## संक्षिप्त समाचार

### अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों ने दिया सामूहिक इस्तीफा

**सिवनी मालवा।** सिवनी मालवा अधिवक्ता संघ के 2 पदाधिकारियों सहित कार्यकारिणी ने अपने पदों से इस्तीफा दे दिया हैं। अधिवक्ता संघ के सहसचिव कमल कौशल और ग्रंथपाल आदित्य असंगे एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने अपने हस्ताक्षर कर इस्तीफा संघ अध्यक्ष राजेश मिश्रा को सौंपा। इस्तीफा देने वाले पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने अपने इस्तीफे में लेख किया है कि अधिवक्ता संघ के चुनाव हर 2 वर्ष में होते है। पिछला चुनाव 25 अगस्त 2023 को सम्पन्न हुआ था। जिसके कार्यकाल को समाप्त हुए 04 माह व्यतीत हो चुके हैं। इसके बाद भी अधिवक्ता संघ के चुनाव नही कराए गए हैं। जिसके कारण सभी अधिवक्ताओं में रोष व्याप्त है। उक्त वजह से हम पदाधिकारी और सदस्य सामूहिक तौर पर अपना इस्तीफा दे रहे हैं।

### म.प्र. प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग की बैठक संपन्न

**खण्डवा।** म.प्र. प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग के अध्यक्ष एस.एन. मिश्रा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शुक्रवार को आयोग की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आयोग के सदस्य मुकेश कुमार शुक्ला तथा सचिव अक्षय कुमार सिंह के अलावा कलेक्टर ऋषव गुप्ता, अपर कलेक्टर मती सृष्टि देशमुख गौड़ा एवं जिला पंचायत के सीईओ डॉक्टर नागार्जुन गौड़ा के अलावा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी एवं सभी प्रमुख विभागों के जिला अधिकारी भी मौजूद थे। आयोग के अध्यक्ष मिश्रा ने इस अवसर पर बताया कि नागरिकों की सुविधा के लिए भौगोलिक परिस्थितियों और जन अपेक्षाओं के आधार पर जनोन्मुखी एवं सुलभ प्रशासन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संभाग, जिला, तहसील और विकासखंड जैसी प्रशासनिक इकाइयों के पुनर्गठन की अनुशंसा के लिए आयोग का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रशासनिक इकाइयों के पुनर्गठन और युक्तियुक्तकरण का उद्देश्य प्रशासकीय कार्यों की दक्षता को बढ़ाना और सुलभ प्रशासन उपलब्ध कराना है।

### अवैध मदिरा विक्रय एवं निर्माण की शिकायत पर आबकारी विभाग ने की कार्यवाही

**बड़वानी।** मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय बड़वानी में जनसुनवाई के माध्यम से प्राप्त शिकायत जिसमें ग्राम पिपरी डेब की महिलाओं के द्वारा ग्राम पिपरी डेब में कुछ लोगों के द्वारा कच्ची मदिरा निर्माण एवं विक्रय की शिकायत की गई थी, जिसकी जांच के निर्देश कलेक्टर श्रीमति जयति सिंह द्वारा दिये गये थे। उक्त निर्देश के परिपालन में 11 दिसम्बर को जिला आबकारी श्री आर.सी. बारोड़ के मार्गदर्शन एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी, श्री राजेश मण्डलोई के नेतृत्व में मय आबकारी बल ग्राम-पिपरी डेब में पहुँचकर गांव की 30-40 महिलाओं के समक्ष शिकायत में उल्लेखित अवैध मदिरा निर्माण एवं विक्रय करने वाले लोगों के रिहायसी मकानों/किराणा दुकानों की विधिवत तलाशी ली गई।

### शहर में यातायात सुगम बनाने व अतिक्रमण हटाने एसडीएम ने बैठक ली

# सुबह 9 से रात 9 बजे तक भारी वाहनों का रहेगा प्रवेश निषेध

सिवनी मालवा ■ निसं

नगर पालिका सभाकक्ष में शहर को व्यवस्थित करने, अतिक्रमण हटाने और शहर की यातायात व्यवस्था सुधारने को लेकर महत्वपूर्ण बैठक की गई। बैठक में एसडीएम विजय राय ने शहर की व्यवस्थित रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा करते हुए आगामी कार्ययोजना की जानकारी साझा की। बैठक में आए व्यापारियों, गणमान्य नागरिकों को एसडीएम विजय राय ने बताया कि शहर में यातायात को सुगम बनाना प्राथमिकता है। नागरिकों की सुविधा के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं और यह तभी संभव है जब शहरवासियों का सहयोग प्राप्त हो।

**सुबह 9 से रात 9 तक भारी वाहन शहर में रहेंगे बंद:** एसडीएम ने कहा कि सुबह 9 से रात 9 बजे तक नंदरवाड़ा चौक से मुख्य बाजार सहित हरदा बायपास तक ट्रेक्टर-ट्राली सहित बड़े वाहनों का आवागमन पूर्ण रूप से बंद रहेगा। जबकि रात 9 से सुबह 9 बजे तक आवागमन की अनुमति रहेगी। प्रवेश निषेध व्यवस्था को सख्ती से लागू किया जाएगा।



### तय स्थानों पर ही हाथ ठेले, दुकाने लगाएं

उन्होंने स्पष्ट किया कि सड़कों पर हाथ ठेले, दुकानें लगाने पर रोक रहेगी। इनके लिए पानी की टंकी के पास तथा बानापुरा मंगल भवन के निकट चौपाटी में वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी। मुख्य मार्गों पर वाहन खड़ा करने पर प्रतिबंध रहेगा तथा निर्धारित स्थानों पर ही पार्किंग की जाएगी। जहां निर्धारित शुल्क भी लागू रहेगा। खाद, लोहा सहित बड़े व्यवसायियों को निर्देश दिए गए कि वे किसी भी बड़े वाहन को सड़क पर खड़ा न करें और न ही सड़क पर माल खाली करें।

### सवारी आटो से माल ढुलाई नहीं कि जाए

एसडीएम ने यह भी कहा कि सवारी आटो से माल ढुलाई नहीं की जाएगी और न ही ओवर लोडिंग की अनुमति रहेगी। जिससे दुर्घटनाओं की आशंका कम हो सके। आटो चालकों को सभी कागजात वाहन में रखना अनिवार्य रहेगा। लोहा मंडी क्षेत्र में सड़कों पर किसी भी प्रकार का कार्य नहीं किया जाएगा तथा बिना चके की ट्राली सड़कों पर नहीं आएगी। उल्लंघन करने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। शहर में दुकानों का अतिक्रमण सख्ती से हटाया जाएगा। बैठक में एसडीएम विजय राय, नगर पालिका अध्यक्ष रितेश जैन, सीएमओ अमर सिंह उइके, एसडीओपी महेंद्र सिंह चौहान सहित सभी व्यापारी संगठन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# एसआईआर के संबंध में राजनीतिक दलों की बैठक संपन्न



हरदा ■ निसं

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के संबंध में संशोधित कार्यक्रम जारी किया गया है। जारी कार्यक्रम अनुसार गणना फार्म भरने की कार्यवाही 18 दिसंबर 2025 तक बढ़ायी गई है। इसके साथ ही निर्वाचक नामावली का प्रारूप प्रकाशन 23 दिसंबर 2025 एवं अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी 2026 को किया जाना है।

भारत निर्वाचन आयोग के संशोधित कार्यक्रम एवं आयोग द्वारा दिये निर्देशों के तहत आगामी 15 एवं 16 दिसम्बर 2025 को बीएलओ-बीएलए की मिटिंग मतदान केन्द्रों पर आयोजित किये जाने के संबंध में विधानसभा वार कार्यक्रम से अवगत कराने हेतु शुक्रवार को जिला स्तर पर मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिलाध्यक्ष इंडियन नेशनल कांग्रेस मोहन सांई, संजय जैन इंडियन नेशनल कांग्रेस हरदा एवं बसंत सिंह राजपूत जिलाध्यक्ष प्रतिनिधि भारतीय जनता पार्टी उपस्थित हुए।

बैठक में अपर कलेक्टर पुरुषोत्तम कुमार ने उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों को आयोग के संशोधित कार्यक्रम से अवगत कराया। साथ ही आगामी तिथि 15 एवं 16 दिसम्बर 2025 को आयोजित बीएलओ-बीएलए मीटिंग का शेड्यूल शेयर करते हुए अपने सभी बीएलए को मीटिंग में उपस्थित रहने हेतु आग्रह किया गया। बैठक में बताया गया कि जिले की दोनों विधानसभा क्षेत्रों में अंतिम रूप से तैयार एएसडीआर की सूची का वाचन किया जावेगा।

# सिवनी मालवा में जिला पंचायत सीईओ ने ली समीक्षा बैठक, विकास कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश

सिवनी मालवा ■ निसं

जनपद पंचायत सभागार में जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन की अध्यक्षता में पंचायत सचिवों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की गई और अपूर्ण कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

जिला सीईओ जैन ने ग्रामीण विकास से जुड़े विभिन्न बिंदुओं-केवाईसी अपडेट, गौशाला संचालन की स्थिति, तथा अलग-अलग योजनाओं में हो रहे कार्यों की प्रगति-पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि सचिव समय पर कार्य पूरे करें, ताकि योजनाओं का लाभ समय से ग्रामीणों तक पहुंच सके। कई सचिवों को लंबित कार्यों को प्राथमिकता के साथ निपटाने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में उन्होंने बताया कि यह नियमित समीक्षा बैठक थी, जिसका उद्देश्य विकास कार्यों की गति बढ़ाना है।

इसके अतिरिक्त, जिला सीईओ ने बताया कि स्वच्छता व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए एक नया स्वच्छता साथी मशीन के माध्यम से कार्य करेगा। इसके लिए शुल्क निर्धारित किया गया है-निजी शौचालय के लिए ?50 तथा सार्वजनिक शौचालय के लिए ?200। फिलहाल इस प्रणाली को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में आरंभ किया जा रहा है, और सफल होने पर इसे अन्य पंचायतों में भी लागू किया जाएगा।



बैठक में जनपद सीईओ ने कहा कि प्रशासन की मंशा ग्रामीण विकास की गति तेज करना है, जिसके लिए सभी सचिव जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। बैठक में जनपद सीईओ श्रुति चौधरी एवं रूपेश नागले,अमित पाल ,उप यंत्री स्वच्छता प्रभारी भवानी गडरिया आदि अन्य लोग मौजूद रहे

### 8 साल बाद मुख्यमंत्री की घोषणा पूरी होगी

# बाबरी घाट एवं खोकसर घाट पर होगा घाट निर्माण

सिवनी मालवा ■ निसं

पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान विगत 8 वर्ष पूर्व सामूहिक विवाह सम्मेलन में आयपा आये थे जब तत्कालीन विधायक पूर्व वन एवं लोक निमार्ण विभाग के मंत्री सरताज सिंह की मांग पर सिवनी मालवा विधानसभा के विभिन्न कार्यो की घोषणा की गई थी। जिसके तहत खोकसर एवं बाबरी घाट में घाट निर्माण की घोषणा की गई थी। उक्त घोषणा को पूरा कराने के लिए नगरपालिका अध्यक्ष रितेश जैन द्वारा

निरंतर प्रयास किये जा रहे थे। इसी संबध में रितेश जैन के द्वारा नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं म0प्र0 शासन के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात कर स्वीकृति हेतु निवेदन किया गया था जिस पर उन्होने इन दोनो घाटों के निर्माण हेतु प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति जारी कर दी गई है। घाटों का निर्माण भारत सरकार की बाढ़ नियंत्रण योजना के अंतर्गत किया जाना है।



इन दोनो घाटों के लिए 08 08 करोड़ रूपये की राशि स्वीकृत हुई है। यह दोनों घाट का निर्माण एक वर्ष में पूर्ण होगा ।इनके शीघ्र टेंडर जारी होगें उक्त जानकारी नगर पालिका अध्यक्ष रितेश जैन द्वारा देते हुए बताया कि बाबरी घाट में 95 मीटर लम्बाई का तथा खोकसर घाट में 75 मीटर लम्बाई का घाट निर्माण होना प्रस्तावित है। इससे यहां आने वाले श्रृद्धालुओं को स्नान ध्यान की मूलभूत सुविधा उपलब्ध हो जाएगी।

### कॉलेज चलो अभियान के प्रथम चरण का शुभारंभ किया गया

# विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से कार्यक्रम के सुधारात्मक सुझाव एकत्र किये जायेंगे

नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन

शासकीय गृहविज्ञान स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय नर्मदापुरम में प्राचार्य डॉ श्रीमती कामिनी जैन के मार्गदर्शन में ई प्रवेश सत्र 2026-27 की प्रक्रिया पूर्व 05.12.2025 से 01.01.2026 तक कॉलेज चलो अभियान के प्रथम चरण का शुभारंभ किया गया।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीमती कामिनी जैन ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार इस वर्ष भी कॉलेज चलो अभियान के व्यापक प्रचार प्रसार हेतु महाविद्यालय की टीम सभी शासकीय एवं अशासकीय उच्चतर विद्यालयों में प्राचार्य, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों से संपर्क कर उन्हे उच्च शिक्षा, उपलब्ध पाठ्यक्रम, कैरियर अवसरों एवं प्रवेश प्रक्रिया संबंधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करेंगे साथ ही विद्यार्थियों एवं अभिभावकों का महाविद्यालय की शैक्षणिक प्रयोगशाला, खेल एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं का अवलोकन करने हेतु कॉलेज विजिट का आयोजन किया जायेगा।



प्राचार्य डॉ. जैन ने बताया कि सोशल मीडिया अभियान के तहत फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब तथा व्हाट्सएप्प पर महाविद्यालय की उपलब्धियों, प्रवेश प्रक्रिया, छात्र हितैशी योजनाओं एवं प्रेरक संदेशों पर आधारित छोटे वीडियो और पोस्ट प्रसारित किये जायेंगे तथा महाविद्यालय की विशिष्ट सुविधाओं का वीडियो एवं वर्चुअल टूर तैयार कर अधिक से अधिक विद्यार्थियों तक पहुँचाया जायेगा तथा भविष्य में जिला शिक्षा अधिकारी, विभिन्न स्कूलों के प्राचार्य, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, प्रतिष्ठित व्यक्तियों, पूर्व छात्राओं, पंच, सरपंच के साथ बैठक आयोजित कर इस अभियान में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जायेगी।

कॉलेज चलो अभियान की नोडल अधिकारी डॉ रश्मि श्रीवास्तव ने बताया कि महाविद्यालय की टीम ग्राम सभा, शिक्षक अभिभावक मीटिंग, स्वसहायता समूह एवं युवा संगठनों के साथ बैठक कर विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा हेतु प्रेरित किया जायेगा एवं विद्यार्थियों का विषय चयन, रोजगार अवसरों एवं कौशल आधारित शिक्षा के बारे में मार्गदर्शन हेतु हाइब्रिड मोड (ऑनलाईन/ऑफलाईन) में कैरियर काउंसलिग सत्र आयोजित किये जायेंगे। विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से कार्यक्रम के प्रभाव, उपयोगिता तथा सुधारात्मक सुझाव एकत्र किये जायेंगे और इनका विश्लेषण कर अभियान के आगामी चरणों में समुचित सुधार सुनिश्चित किया जायेगा।

## विशेष सूचना

नर्मदापुरम् से प्रकाशित दैनिक अमृत दर्शन द्वारा नर्मदापुरम् शहर के लिये मुख्य प्रतिनिधि के रूप में श्री पुरूषोत्तम मालवीय आत्मज श्री रामगोपाल मालवीय पता-नारायण नगर, आदिशक्ति मंदिर के पास, वार्ड नम्बर-17, नर्मदापुरम् (होशंगाबाद) मध्यप्रदेश, मोबाईल नम्बर-903954982, 8103773247 को अमृतदर्शन नर्मदापुरम् का मुख्य प्रतिनिधि नियुक्त किया गया।

श्री पुरूषोत्तम मालवीय सभी सरकारी/अर्द्धसरकारी/निजी संस्थानों से विज्ञापन लेने के अधिकारी रहेंगे एवं समाचारों के लिये भी अधिकृत रहेंगे। आप सभी से आग्रह है कि श्री मालवीय को पूर्ण सहयोग देने की व्यवस्था करेंगे।

**नोट:-** श्री मालवीय के अतिरिक्त हमारे द्वारा किसी अन्य व्यक्ति को अमृत दर्शन नर्मदापुरम् के लिये अधिकृत नहीं किया गया है।

**( व्ही.के.चैरसिया )**
**मुख्य व्यवस्थापक**
**दैनिक अमृतदर्शन, नर्मदापुरम**

## अनमोल वचन

सन्यास हृदय की एक दशा का नाम है, किसी ऊपरी नियम या वेशभूषा का नहीं। – श्रीमद् भगवदगीता

जंज़ीरें, जंज़ीरें ही हैं, चाहे वे लोहे की हों या सोने की, वे समान रूप से तुम्हें ग़ुलाम बनाती हैं। – स्वामी रामतीर्थ

## सम्पादकीय

# 9 लाख हवाई यात्रियों के साथ सरकार और इंडिगो का मजाक

साल के आखिरी महीने दिसंबर के पहले हफ्ते में क्रू रोस्टरिंग में गड़बड़ी के चलते इंडिगो ने 5000 से ज्यादा फ्लाइट कैंसिल की थीं। इस कारण 9 लाख से अधिक यात्री परेशान हुए थे। बाल-बच्चों समेत महिलाओं और बुजुर्ग यात्रियों को काफी तकलीफें उठानी पड़ीं। कई यात्रियों की विदेश यात्रा की कनेक्टिंग फ्लाइट मिस हो गई। जो लोग जरूरी कामों से जा रहे थे उन्हें लाखों रुपए का नुकसान उठाना पड़ा। शारीरिक, आर्थिक और मानसिक कष्ट प्रत्येक यात्री को अलग-अलग हुआ है। जब सरकार और इंडिगो कंपनी के ऊपर दबाव बढ़ा तब एयरलाइन कंपनी इंडिगो ने एक नई बड़ी शतरंजी चाल दिखाई, इसमें कंपनी ने कहा, कि डीजीसीए के नियम के अनुसार रेड उड़ान पर 5 से 10000 रुपये तक का मुआवजा यात्रियों को कूपन के रूप में दिया जाएगा। अर्थात उसे जब भी मुआवजा की राशि प्राप्त करनी होगी इंडिगो के विमान में ही यात्रा करनी होगी। इस तरह से कंपनी ने यात्रियों के साथ एक बार फिर से धोखाधड़ी और ठगने का प्रयास किया है। यह मुआवजा वाउचर के जरिए दिया जा रहा वह भी शर्तों के साथ है। 12 माह के अंदर इसका उपयोग करना अनिवार्य होगा अन्यथा उस वाउचर की कोई कीमत नहीं रह जाएगी। इस तरह से देखने में आ रहा है कि हवाई यात्रियों के लिए भारत सहित दुनिया के सभी देशों में जो नियम और कानून बने हुए हैं उनका पालन इंडिगो द्वारा अभी भी नहीं किया जा रहा है। मुआवजा नीति का वर्णन इंडिगो ने अपनी वेबसाइट में नहीं कर रखा है। मुआवजा नगद अथवा बैंक ट्रांसफर के माध्यम से होने का नियम है, लेकिन इंडिगो ने इसे भी बदलकर वाउचर के रूप में यात्रियों को मुआवजे का भुगतान करने की बात कह दी है, जो पूरी तरह से अवैधानिक होते हुए यात्रियों को ठगने के समान है। डीजीसीए के नियमों के अनुसार 3 से 5 दिसंबर के बीच में लगभग 5 लाख यात्रियों के साथ जो कुछ हुआ है, उसमें नियमों के अनुसार प्रत्येक यात्री को कम से कम 2.5 लाख रुपए से लेकर 5 लाख रुपए तक के मुआवजे की पात्रता है। लेकिन विमानन कंपनी और सरकार अभी भी यात्रियों के साथ खेल-खेलने में लगी हुई है। जिन 9 लाख यात्रियों को पिछले दिनों संकट का सामना करना पड़ा दिल्ली हाईकोर्ट में मामला लंबित है। इसके बाद भी इंडिगो कंपनी जिस तरह से यात्रियों के साथ व्यवहार कर रही है, वह आश्चर्यजनक है। विमानन कंपनियों ने इस संकट की घड़ी का फायदा उठाते हुए परेशानहाल यात्रियों से 80 से 90 हजार रुपए तक अतिरक्त किराया वसूल किया है। यही नहीं बल्कि सरकार द्वारा किराया निर्धारित किए जाने के बाद भी विमानन कंपनियों ने मनमाना किराया यात्रियों से वसूल किया है। दिल्ली हाईकोर्ट ने जरूर सख्त कदम उठाया है। दरअसल दिल्ली हाईकोर्ट ने यात्रियों की याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान केंद्र और डीजीसीए से पूछा था, कि क्या मौजूदा नियम इतने बड़े संकट में पैसेंजर्स की सुरक्षा और अधिकारों की रक्षा करने के लिए काफी हैं या नहीं? जिस तरह से बड़ी-बड़ी कंपनियों को न्यायपालिका और सरकार की ओर से पहले तो बड़ी-बड़ी चेतावनी दी जाती है उससे ऐसा लगने लगता है कि यह पीड़ित के साथ न्याय करेंगे, लेकिन कुछ समय के बाद यही मामला टांय-टांय फिस्स होकर रह जाता है। इंडिगो कंपनी ने जिस तरह की कलाकारी दिखाई है उसके बारे में यही कहा जा सकता है- पूत के पांव पालने में ही दिखने लगते हैं। इंडिगो ने भी बता दिया है, वह यात्रियों के साथ आगे किस तरह का व्यवहार करने जा रही है।

## चिंतन-मनन

# सबसे बड़ा दरिद्र

सिंहगढ़ राज्य की सीमा के पास एक गांव सोनपुर में एक महात्मा अपने दो शिष्यों के साथ आ पहुंचे। वहां की शांति और हरियाली देख कुछ दिन वे वहीं ठहर गए। एक दिन महात्मा जी जब भिक्षा मांगने जा रहे थे, सड़क पर एक सिक्का दिखा, जिसे उठाकर उन्होंने झोली में रख लिया। दोनों शिष्य इससे हैरान थे। वे मन में सोच रहे थे कि काश सिक्का उन्हें मिलता, तो वे बाजार से मिठाई ले आते। महात्मा जी भांप गए। बोले-यह साधारण सिक्का नहीं है, मैं इसे किसी सुपात्र को दूंगा। पर कई दिन बीत जाने के बाद भी उन्होंने सिक्का किसी को नहीं दिया। एक दिन महात्मा जी को खबर मिली कि सिंहगढ़ के महाराज अपनी विशाल सेना के साथ उधर से गुजर रहे हैं। महात्मा जी ने शिष्यों से कहा, वत्स! सोनपुर छोड़ने की घड़ी आ गई। शिष्यों के साथ महात्मा जी चल पड़े। तभी राजा की सवारी आ गई। मंत्री ने राजा को बताया कि ये महात्मा जा रहे हैं। बड़े ज्ञानी हैं। राजा ने हाथी से उतर कर महात्मा जी को प्रणाम किया और कहा, कृपया मुझे आशीर्वाद दें। महात्मा जी ने झोले से सिक्का निकाला और राजा की हथेली पर उसे रखते हुए कहा, हे सिंहगढ़ नरेश, तुम्हारा राज्य धन-धान्य से संपन्न है। फिर भी तुम्हारे लालच का अंत नहीं है। तुम और पाने की लालसा में युद्ध करने जा रहे हो। मेरे विचार में तुम सबसे बड़े दरिद हो। इसलिए मैंने तुम्हें यह सिक्का दिया है। राजा इस बात का मतलब समझ गए। उन्होंने सेना को वापस चलने आदेश दिया।

### इंडिया से भारत नाम परिवर्तन प्राइवेट मेंबर बिल 2025

# संवैधानिक प्रावधानों, ऐतिहासिक आधारों और सांस्कृतिक पहचान का समग्र विश्लेषण



किशन सनमुखदास भावनानी

> संविधान ने भारत को मूल नाम और इंडिया को अनुवाद या वैकल्पिक नाम के रूप में रखा ।हिंदी संस्करण और कई भारतीय भाषाओं के स्वीकृत संस्करणों में राष्ट्र का नाम भारत ही है ।संविधान की व्याख्या के अनुसार, जब कोई एक नाम मूल है, तो राष्ट्रीय सम्मान, दस्तावेज़ों, सरकारी संचार और अंतरराष्ट्रीय पहचान में वही नाम प्राथमिक होना चाहिए ।बिल में यह भी प्रस्ताव रखा गया है कि आवश्यकता होने पर संविधान के अंग्रेज़ी अनुवाद में संशोधन किया जाए ताकि इंडिया शब्द को हटाकर केवल भारत नाम ही सभी दस्तावेज़ों में प्रयोग किया जाए।

भारत नाम प्रस्ताव देश की आत्मा, ऐतिहासिक पहचान और समकालीन राष्ट्रीयता के बीच एक संवाद स्थापित करता है। भारत नाम वेदों,पुराणों, महाभारत और कूटनीतिक साहित्य में हजारों वर्षों से मौजूद है,जो केवल एक नाम नहीं बल्कि भारतीय सभ्यता की आत्मा है- वैश्विक स्तरपर यह गूंज उठना शुरू हुई है क़ि भारत का नाम क्या होना चाहिए,इंडिया या भारत यह प्रश्न भारतीय राजनीतिक इतिहास में भी समय-समय पर चर्चा का विषय रहा है। दिसंबर 2025 के शीतकालीन सत्र में जयपुर से एक सांसद द्वारा एक महत्वपूर्ण प्राइवेट मेंबर बिल के रूप में यह प्रस्ताव फिर से संसद के केंद्र में आ गया है। इस प्रस्ताव में कहा गया है कि देश का नाम इंडिया से बदलकर भारत कहा है। इस प्रस्ताव ने न केवल संसद बल्कि विशेषज्ञों,इतिहासकारों, संवैधानिक विद्वानों और अंतरराष्ट्रीय समुदाय में भी एक नई बहस को जन्म दिया है। प्रस्ताव में कई ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और भाषाई तर्क प्रस्तुत किए गए,जिनके आधार पर भारत को राष्ट्र का एकमात्र आधिकारिक नाम घोषित करने की मांग उठाई गई है ।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि प्रस्ताव देश की आत्मा ऐतिहासिक पहचान और समकालीन राष्ट्रीयता के बीच एक संवाद स्थापित करता है ।इस प्रस्ताव के अनुसार, यह तथ्य सर्वविदित है कि भारतीय उपमहाद्वीप को सदियों से विश्व के विभिन्न हिस्सों में अलग- अलग नामों से जाना जाता रहा है,सिंधु घाटी सभ्यता के कारण इंडस, फ़ारसी भाषाई प्रभाव के कारण हिंदोस से हिंदुस्तान, और वैदिक परंपरा के मूल में भारत नाम ।भारत शब्द का उल्लेख वेदों पुराणों उपनिषदों से लेकर महाभारत और कूटनीतिक साहित्य तक प्राचीन काल से मिलता है ।प्रस्ताव का पहला मुख्य तर्क यही है कि भारत वह प्राचीन, सभ्यतागत और सांस्कृतिक नाम है, जिससे यह भूमि सहस्राब्दियों से पहचानी जाती रही है। संसद में दिए गए वक्तव्य में कहा गया कि जिस देश को हम सदियों से मदर इंडिया या मदर लैंड कहते रहे हैं, उसका वास्तविक, ऐतिहासिक और साहित्यिक नाम भारत ही है ।दिसंबर 2025 में जयपुर से एक सांसद द्वारा संसद के शीतकालीन सत्र में एक महत्वपूर्ण प्राइवेट मेंबर बिल प्रस्तुत किया गया, जिसमें यह प्रस्ताव रखा गया कि राष्ट्र का नाम इंडिया से बदलकर भारत कर दिया जाए। यह प्रस्ताव केवल भाषाई या शब्दावली परिवर्तन नहीं, बल्कि भारतीय सभ्यता, औपनिवेशिक इतिहास, संवैधानिक प्राथमिकताओं और सांस्कृतिक आत्मसम्मान से जुड़ा हुआ है ।बिल में कई संरचनात्मक तर्क,ऐतिहासिक साक्ष्य अंतरराष्ट्रीय संदर्भ और संविधान आधारित प्रावधान शामिल किए गए, जो भारत को राष्ट्र का एकमात्र आधिकारिक नाम घोषित करने की मांग करते हैं ।मैं इस लेख के माध्यम से इस बिल के मुख्य प्रावधानों, ऐतिहासिक दावों, तर्कों और उनके प्रभावों का विस्तृत विश्लेषण प्रस्तुत करता है।

साथियों बात अगर हम भारत नाम की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक जड़ें इसको समझने की करें तो,बिल के प्रारंभिक भाग में यह उल्लेख किया गया है कि जिस देश को हम सदियों से भारतवर्ष कहते आए हैं, उसका मूल नाम भारत ही है। बिल के अनुसार, यह नाम वेदों, पुराणों, महाभारत और कूटनीतिक साहित्य में हजारों वर्षों से मौजूद है। ब्रिटिश शासनकाल से पूर्व अंतरराष्ट्रीय यात्रियों, विद्वानों और इतिहासकारों ने इस भूमि को भारत के रूप में ही संबोधित किया ।बिल का तर्क है कि भारत शब्द केवल एक नाम नहीं बल्कि सभ्यता की आत्मा, सांस्कृतिक मूल्यों आध्यात्मिक दर्शन और राष्ट्रीय पहचान का प्रतिनिधि है ।बिल में यह स्पष्ट किया गया है कि इंडिया शब्द का औपचारिक उपयोग कॉलोनियल पीरियड में बढ़ा और ब्रिटिश प्रशासन ने इसे सरकारी दस्तावेज़ों में मानक रूप में स्थापित कर दिया ।हालाँकि भारतीय समाज ने हमेशा साहित्य, संस्कृति, धर्म और दार्शनिक परंपरा में भारत शब्द का ही उपयोग किया। बिल में कहा गया है कि आज़ादी के 78 वर्ष बाद भी औपनिवेशिक शब्दावली का उपयोग करना एक राष्ट्रीय विसंगति है, जिसे सुधारने का यही उचित समय है। साथियों बात अगर हम संविधान का अनुच्छेद 1 और बिल का मुख्य संवैधानिक आधार इसको समझने की करें तो बिल का सबसे महत्वपूर्ण आधार भारतीय संविधान का अनुच्छेद 1 है जिसमें लिखा है: 'इंडिया, दैट इज भारत, शैल बी ए यूनियन ऑफ़ स्टेट्स' बिल में कहा गया।

संविधान ने भारत को मूल नाम और इंडिया को अनुवाद या वैकल्पिक नाम के रूप में रखा ।हिंदी संस्करण और कई भारतीय भाषाओं के स्वीकृत संस्करणों में राष्ट्र का नाम भारत ही है ।संविधान की व्याख्या के अनुसार, जब कोई एक नाम मूल है, तो राष्ट्रीय सम्मान, दस्तावेज़ों, सरकारी संचार और अंतरराष्ट्रीय पहचान में वही नाम प्राथमिक होना चाहिए ।बिल में यह भी प्रस्ताव रखा गया है कि आवश्यकता होने पर संविधान के अंग्रेज़ी अनुवाद में संशोधन किया जाए ताकि इंडिया शब्द को हटाकर केवल भारत नाम ही सभी दस्तावेज़ों में प्रयोग किया जाए।

साथियों बात अगर हम बिल में शामिल प्रस्तावित प्रावधानों को समझने की करें तो,बिल में निम्नलिखित मुख्य प्रावधानों का उल्लेख किया गया है:(अ) राष्ट्र का एकमात्र आधिकारिक नाम भारत घोषित किया जाए।

# डिजिटल अरेस्ट ठगी से लाखों परिवारों के जीवन में अंधकार



मनोज कुमार अग्रवाल

> इन दिनों देश में डिजिटल अरेस्ट के कई मामले लगातार सामने आ रहे हैं. सरकार के तमाम प्रयास के बावजूद डिजिटल अरेस्ट के कारण बुजुर्गों बड़ी संख्या में ठगी का शिकार हो रहे हैं. सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को डिजिटल अरेस्ट मामलों पर सुनवाई करते हुए सख्त रुख दिखाते हुए कहा कि इस मामले में अदालत जरूरी निर्देश जारी करेगी. न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायाधीश जयमाला बागची की पीठ ने सुनवाई करते हुए कहा कि हर हैरानी की बात है कि देश में पीड़ितों से लगभग 3000 करोड़ रुपये डिजिटल अरेस्ट के नाम पर ठगे जा चुके हैं. यह सब हमारे देश में ही हो रहा है. अगर हम इस मामले में ठोस और सख्त आदेश नहीं देंगे तो समस्या और गंभीर हो जाएगी।

लाखों लोगों व परिवारों के जीवन भर की कमाई को डिजिटल अरेस्ट के जरिए लूट कर उनके जीवन में अंधेरा कर दिया गया। यह कैसी विडंबना है कि जब तक देश में कथित डिजिटल अरेस्ट के नाम पर अनुमानित तीन हजार करोड़ रुपये से अधिक ठगी की जा चुकी है, कई लोग अपनी जान गवां चुके हैं, की साल से यह सिलसिला जारी है तब सरकार और जिम्मेदार सिस्टम की नींद खुली है और अपराधियों पर शिकंजा कसने की बड़ी मुहिम शुरू हो पा रही है। वह भी सरकार के बजाय शीर्ष अदालत की पहल पर।

इन दिनों देश में डिजिटल अरेस्ट के कई मामले लगातार सामने आ रहे हैं. सरकार के तमाम प्रयास के बावजूद डिजिटल अरेस्ट के कारण बुजुर्गों बड़ी संख्या में ठगी का शिकार हो रहे हैं. सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को डिजिटल अरेस्ट मामलों पर सुनवाई करते हुए सख्त रुख दिखाते हुए कहा कि इस मामले में अदालत जरूरी निर्देश जारी करेगी. न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायाधीश जयमाला बागची की पीठ ने सुनवाई करते हुए कहा कि हर हैरानी की बात है कि देश में पीड़ितों से लगभग 3000 करोड़ रुपये डिजिटल अरेस्ट के नाम पर ठगे जा चुके हैं. यह सब हमारे देश में ही हो रहा है. अगर हम इस मामले में ठोस और सख्त आदेश नहीं देंगे तो समस्या और गंभीर हो जाएगी।

आपको बता दें कि पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने डिजिटल अरेस्ट पर गंभीर चिंता जताते हुए सीबीआई को निर्देश दिए हैं कि वह अन्य साइबर अपराधों की जांच बाद में करें, डिजिटल अरेस्ट की जांच को अपनी प्राथमिकता बनाए। कोर्ट ने केंद्रीय बैंक से पूछा है कि क्या एआई की मदद से साइबर ठगों के खाते फ्रीज हो सकते हैं? कोर्ट ने सीबीआई से कहा है कि यदि किसी गंभीर डिजिटल अपराध का दायरा भारत से बाहर को सीमा में हो तो वह इंटरपोल की मदद ले सकती है। दुखद है कि साइबर अरेस्ट के मामलों में सबसे अधिक निशाना बुजुर्गों को ही बनाया जाता है, जिन्हें डिजिटल लेन-देन को गंभीर जानकारी नहीं होती। बुजुर्गों को निशाना बनाने का यह प्रतिशत 78 से 82 फीसदी बताया जाता है। कई जगह यह प्रतिशत 99 फीसदी तक है। वहीं जनवरी से अप्रैल 2024 में साइबर धोखाधड़ी और डिजिटल अरेस्ट के 46 फीसदी मामलों के तार म्यांमार, कंबोडिया और लाओस जैसे दक्षिण पूर्व एशिया के देशों से जुड़े रहे हैं। निस्संदेह, हाल के वर्षों में डिजिटल गिरफ्तारी साइबर अपराध के सबसे कुटिल रूप में बनकर उभरी है। यह अपराध न केवल देश की वित्तीय सुरक्षा और स्थिरता के लिये, बल्कि कानून प्रवर्तन तंत्र में जनता के विश्वास के लिये भी बड़ा खतरा है। ऐसे में कहा जा सकता है कि इन घोटालों की देशव्यापी जांच सीबीआई को सौंपने का सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय समय के अनुरूप सार्थक हस्तक्षेप है। इसी क्रम में कोर्ट ने सभी राज्यों को निर्देश दिया है कि वे अपने अधिकार क्षेत्र में अपराधों की जांच के लिये सीबीआई को सहमति दें। दरअसल, न्यायालय ने इस हकीकत को स्वीकार किया है कि साइबर अपराधी राज्यों की सीमाओं का लाभ उठाते हैं। वहीं दूसरी ओर टुकड़ों-टुकड़ों में जांच सीमा पार के साइबर अपराधियों के नेटवर्क को बढ़ावा देती है दरअसल, साइबर अपराधी डिजिटल अरेस्ट के जरिये भोले- भाले लोगों व बुजुर्गों को निशाना बनाते हैं। वे कानून प्रवर्तन अधिकारी पुलिस और जज बनकर मोटी रकम देने के लिये उन्हें ब्लेकमेल और आतंकित करते हैं ।हालांकि अदालत ने कहा कि इस मामले से निपटने के लिए कठोर कदम उठाना जरूरी हो गया है. सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार का पक्ष रखते हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि गृह मंत्रालय ने एक अलग यूनिट की स्थापना की है और इस मामले से निपटने के लिए विभिन्न विभागों के साथ समन्वय बनाया जा रहा है. साथ ही डिजिटल अरेस्ट से निपटने के लिए कई अन्य कदम उठाए गए हैं. डिजिटल अरेस्ट को लेकर हुई सुनवाई को लेकर केंद्रीय गृह मंत्रालय और सीबीआई ने सीलबंद लिफाफे में सुप्रीम कोर्ट में रिपोर्ट सौंपी. केंद्र सरकार की ओर से पेश दलील के सुनने के बाद अदालत ने कहा कि मामला काफी गंभीर है और इस मामले में अदालत उचित आदेश पारित करेगी. मामले की अगली सुनवाई 10 नवंबर को होगी. गौरतलब है कि एक वरिष्ठ नागरिक दंपति ने पिछले महीने सुप्रीम कोर्ट के पत्र लिखकर बताया था कि 1 से 16 सितंबर के बीच उनसे 1.5 करोड़ रुपए की ठगी सीबीआई, इंटेलिजेंस ब्यूरो तो कभी न्यायपालिका के अधिकारी बनकर की गयी. धोखेबाजों ने फोन और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संपर्क किया और गिरफ्तारी का डर दिखाकर पैसे वसूलने का काम किया. इतना ही नहीं उन लोगों ने सुप्रीम कोर्ट के फर्जी आदेश दिखाए. मामला सामने आने के बाद अंबाला में दो एफआईआर दर्ज की गयी. जांच में पाया गया कि वरिष्ठ नागरिकों को ठगी का शिकार बनाने के लिए संगठित गिरोह काम कर रहा है. अदालत ने 17 अक्टूबर को इस मामले में स्वत: संज्ञान लेते हुए मामले की सुनवाई शुरू की और केंद्र सरकार और सीबीआई से जवाब देने को कहा. अदालत ने इस मामले में अटार्नी जनरल से भी सुझाव लेने का आदेश दिया.

उल्लेखनीय है कि हरियाणा के एक बुजुर्ग दंपति से एक करोड़ रुपये कीठगी के बाद अदालत ने इस व्यापक समस्या का स्वत: संज्ञान लिया। उन्हें धमकाने के लिये सुप्रीम कोर्ट के फर्जी आदेशों का इस्तेमाल किया गया। यह बेहद परेशान करने वाली स्थिति है कि साइबर अपराधी सार्वजनिक संस्थाओं के प्रति लोगों के विश्वास को खतरे में डाल रहे हैं ।तभी शीर्ष अदालत ने महसूस किया कि अब पानी सिर के ऊपर से गुजरने लगा है, देश की केंद्रीय एजेंसी को इस मामले की तह तक तुरंत पहुंचना चाहिए।

# पोक्सो मामलों की बढ़ती लंबितता भारत के समक्ष बढ़ता गंभीर संकट

भारत एक सांस्कृतिक रूप से समृद्ध और नैतिक मूल्यों वाला देश माना जाता है जहाँ बच्चों को देवतुल्य समझने की परंपरा रही है। किंतु यह अत्यंत पीड़ादायक सत्य है कि आज इसी देश में नाबालिगों के खिलाफ अपराधों की संख्या निरंतर बढ़ रही है और उससे भी बड़ी चिंता का विषय यह है कि इन मामलों का निपटारा वर्षों तक अधर में लटका रहता है। पोक्सो यानी लैंगिक अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम का उद्देश्य बच्चों को यौन अपराधों से सुरक्षा और त्वरित न्याय उपलब्ध कराना है, लेकिन वर्तमान स्थिति इसके ठीक विपरीत तस्वीर पेश करती है। आंकड़े बताते हैं कि देश में पोक्सो के 35 हजार से अधिक मामले वर्षों से लंबित चल रहे हैं और न्याय की प्रक्रिया पीड़ितों व उनके परिवारों के लिए एक असहनीय इंतजार बन गई है ।2023 तक लंबित मामलों का जो विवरण सामने आया है, वह किसी भी समाज और शासन के लिए चिंता का गंभीर संकेत है। उत्तर प्रदेश में 10,556 मामले लंबित हैं जो देश में सबसे अधिक हैं। महाराष्ट्र 7,962 लंबित मामलों के साथ दूसरे स्थान पर है। तमिलनाडु में 1,910, मध्यप्रदेश में 1,736, छत्तीसगढ़ में 375 और राजस्थान में 224 मामले अभी भी न्याय की प्रतीक्षा में हैं। बिहार में 1,079, झारखंड में 415, पंजाब में 152, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश दोनों में 101, चंडीगढ़ में 16 और उत्तराखंड में 374 मामलों की लंबितता भी यही सिद्ध करती है कि न्यायिक प्रक्रिया के बोझ ने पीड़ितों के लिए न्याय की राह लंबी और कठिन बना दी है। यह स्थिति बताती है कि देश में पोक्सो कानून का उद्देश्य जितनी तेजी से पूरा होना चाहिए था, उससे बहुत दूर है। केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुनलाल मेघवाल ने बताया है कि देश में कुल 773 फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट कार्यरत हैं जिनमें से 400 कोर्ट विशेष रूप से पोक्सो मामलों के लिए बनाए गए हैं। इन अदालतों ने अब तक 3.5 लाख से अधिक मामलों का निपटारा किया है जो निश्चित रूप से एक उपलब्धि है, लेकिन उसके बावजूद हजारों मामले अभी भी अधूरे पड़े हैं। यह दर्शाता है कि केवल अदालतों की संख्या बढ़ा देना समाधान नहीं है। न्याय प्रक्रिया में पुलिस, अभियोजन, मेडिकल रिपोर्ट, फोरेंसिक जांच, गवाही और साक्ष्य संकलन जैसे कई चरण होते हैं और इनमें होने वाली देरी पोक्सो मामलों की लंबितता को बढ़ाती रहती है। एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार देश में हर तीन मिनट में एक बच्चा अपराध का शिकार बनता है और हर आठ मिनट में एक पोक्सो का मामला दर्ज होता है। इन आंकड़ों में बीते दो वर्षों के भीतर ही तेजी से वृद्धि दर्ज की गई है जो सामाजिक व प्रशासनिक दोनों स्तरों पर चेतावनी का इशारा है। 2021 से 2025 के बीच कुल 1,31,692 पोक्सो मामले दर्ज किए गए। वहीं सबसे कम मामले मिजोरम, नागालैंड, लद्दाख और अंडमान निकोबार जैसे क्षेत्रों में सामने आए हैं। एक चिंताजनक पहलू यह भी है कि कई मामलों में अपराध की प्रकृति इतनी संवेदनशील होती है कि बच्चे मानसिक रूप से टूट जाते हैं। उदाहरण के तौर पर बॉम्बे हाईकोर्ट की नागपुर बेंच ने हाल ही में एक महत्वपूर्ण निर्णय सुनाया जिसमें कहा गया कि किसी नाबालिग लड़की का हाथ पकड़ना और उसे पैसे देकर यौन संबंध का प्रस्ताव देना भी पोक्सो एक्ट के तहत दंडनीय अपराध है।



कांतिलाल मांडोत

## खास बात

### सदन में जदयू अलग-थलग दिखी

वंदे मातरम की बहस के दौरान जनता दल यू भाजपा और एनडीए गठबंधन से अलग राह पर चलती हुई दिखी। तेलुगु देशम पार्टी और जनशक्ति रामविलास पार्टी ने भाजपा के हिसाब से बहस में भाग लिया। जदयू के सांसदों ने वंदे मातरम के जो चार अंतरे हटाए गए हैं। उसमें जिन्ना और मुस्लिम लीग के आगे कांग्रेस ने सरेंडर किया है। इसे जनता दल यू ने नहीं माना। इसको लेकर अब तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। एनडीए गठबंधन में अब वह एका नहीं रहा, जो पहले देखने को मिलता था। एनडीए गठबंधन में रहते हुए जनता दल यू को अपने सेकुलर वोट की चिंता है। जिसके कारण नीतीश की पार्टी के सांसद अलग-थलग चले।

### वंदे मातरम की बहस उल्टे बांस बरेली को?

पश्चिम बंगाल के चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने वंदे मातरम को लेकर जो खेल शुरू किया था। संसद में जिस तरह से बहस कराई गई। उसके बाद लोग यह कहने लगे हैं। यह पेंतरा बीजेपी और संघ के ऊपर भारी पड़ता हुआ दिख रहा है। वंदे मातरम की बहस के दौरान जिस तरह से संघ और भाजपा को निशाने पर लिया गया। उसका जवाब देना भाजपा और सत्ता पक्ष पर भारी पड़ गया। संघ और भाजपा ने कभी वंदे मातरम का समर्थन नहीं किया था। नाही आजादी की लड़ाई में भाग लिया था। मुस्लिम लीग के साथ मिलकर हिंदू महासभा ने सरकार बनाई ।लोग कहने लगे हैं, भाजपा के लिए वंदे मातरम का मसला उल्टे बांस बरेली की कहावत को चरितार्थ कर रहा है।

### शिंदे के 22 विधायक भाजपा मे

महाराष्ट्र की राजनीति में भारी उथल-पुथल हो रही है। एकनाथ शिंदे की शिवसेना और भाजपा के बीच में तळखी देखने को मिल रही है ।भाजपा ने कह दिया है, स्थानीय चुनाव अपनी-अपनी ताकत से सहयोगी पार्टियां लडें। महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव में भाजपा अकेले 132 सीटों पर चुनाव जीती है। बहुमत का आंकड़ा 145 का है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और एकनाथ शिंदे के बीच में लगातार विवाद बने हुए हैं। भाजपा शिंदे को बाय-बाय करना चाहती है। जिस तरह से शिंदे ने उद्धव ठाकरे की सरकार के विधायक तोड़कर उद्धव ठाकरे की सरकार को गिराया था। अब बीजेपी वही खेल, एकनाथ शिंदे के साथ खेलना चाहती है। एकनाथ शिंदे के 22 विधायक भाजपा में आने के लिए तैयार हैं।

## राशिफल

शुभ संवत 2082, शाके 1947, सौम्य गोष्ठ, पौष कृष्ण पक्ष, हेमंत रितु गुरु उदय पूर्वे, शुक्रास्त पूर्वे तिथी, नवमी, शनिवासरे, उ.फा. नक्षत्रे, आद्र योगे, तैतिलकरणे, कन्या की चंद्रमा, रोग विमुक्ता, स्नान मुर्हूत, तथापि दक्षिण दिशा की यात्रा शुभ उत्तम फलदायी होगी।

**आज जन्म लिए बालक का फल..........**

आज जन्म लिया बालक बड़ा उत्तम, शिक्षक, शिक्षाविद, शिक्षा शास्त्री, लेक्चरार, प्रोफेसर तथा उत्तम वृत्ति वाला, योगी भोगी, तांत्रिक मांत्रिक, पंडित विद्वान, तथा साधु, महात्मा, मठ मंदिर बनवाने वाला कुशल वक्ता अधिवक्ता शासक प्रशासक तथा स्वाभिमानी कीर्ति वाला होगा।

**मेष राशि :-** बेचैनी उद्विग्नता से बचिए, समय पर सोचे कार्य अवश्य होगे, रुके कार्य बन जाएंगे।

**वृष राशि :-** चिन्ताएं कम हो, सफलता के साधन जुटाए, अचानक लाभ की योजना बन ही जाएगी।

**मिथुन राशि :-** सफलता के साधन जुटाए, व्यावसायिक क्षमता में वृद्धि अवश्य ही होगी, समय का ध्यान रखे।

**कर्क राशि :-** व्यर्थ धन का व्यय, समय व शांनि नष्ट होवे, विघटनकारी तत्व परेशान अवश्य करेगा।

**सिंह राशि :-** भोग, ऐश्वर्य से स्वास्थ्य नरम रहे, विरोधी वर्ग अवश्य ही परेशान करें, समय का ध्यान रखे।

**कन्या राशि :-** समय व धन नष्ट न हो, क्लेश व अशांति, यात्रा से कष्ट तथा चिन्ता अवश्य बनेगी।

**तुला राशि :-** परिश्रम से सफलता के साधन अवश्य ही जुटाए, कार्य बाधा तथा कार्य अवरोध से अवश्य बचे।

**वृश्चिक राशि :-** चोट चपेट आदि से बचिएगा, क्लेश व अशांति तथा मानसिक उद्विग्नता से बचकर चले।

**धनु राशि :-** भाग्य का सितारा साथ देवे, क्लेश व अशांति से बचिए, समय का ध्यान अवश्य ही रखे।

**मकर राशि :-** परिश्रम विफल हो, चिन्ता, यात्रा व व्यग्रता तथा स्वास्थ्य नरम गरम अवश्य ही रहेगा।

**कुंभ राशि :-** आकस्मिक घटना से चोट आदि का भय होगा, समय स्थिति का ध्यान अवश्य रखे, अन्यथा हानि।

**मीन राशि :-** अधिकारियों से विरोध न करें, इष्ट मित्र सहायक न होवे, समय तथा स्थिति का ध्यान अवश्य रखे।

**पीएल गौतमाचार्य**

## दैनिक पंचांग

**13 दिसम्बर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृश्चिक में | धनु | 06.49 बजे से |
| चंद्र | कन्या में | मकर | 08.55 बजे से |
| मंगल | धनु में | कुंभ | 10.41 बजे से |
| बुध | वृश्चिक में | मीन | 12.14 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | मेष | 13.44 बजे से |
| शुक्र | वृश्चिक में | वृष | 15.24 बजे से |
| शनि | मीन में | मिथुन | 17.23 बजे से |
| राहु | कुंभ में | कर्क | 19.36 बजे से |
| केतु | सिंह में | सिंह | 21.52 बजे से |
| | | कन्या | 00.04 बजे से |
| | | तुला | 02.15 बजे से |
| | | वृश्चिक | 04.29 ब.से |

राहुकाल 9.00 से 10.30 बजे तक

**शनिवार** 2025 वर्ष का 347 वा दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** हेमन्त।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** पौष (दक्षिण भारत में मृगशीर्ष) **पक्ष** कृष्ण
**तिथि** नवमी 16.39 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** हस्त अहोरात्र।
**योग** आयुष्मान 11.16 बजे को समाप्त।
**करण** गर 16.39 बजे तदनन्तर वणिज 05.41 बजे प्रात: को समाप्त।
**चन्द्रायु** 22.7 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 23° 09'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1872557
**जूलियन दिन** 2461022.5
**कलियुग संवत्** 5126
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** जमादि उस्सानी
**तारीख** 21

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से | 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से | 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से | 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से | 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से | 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से | 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से | 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से | 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से | 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से | 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से | 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से | 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# अंतरराष्ट्रीय जनमंगल सम्मेलन में संतों और जनप्रतिनिधियों ने लिया हर माह-एक उपवास का संकल्प









जनमंगल सम्मेलन की सचित्र झलकियां































## उपवास केवल एक धार्मिक कृत्य नहीं, बल्कि इच्छाशक्ति और आत्म-अनुशासन बनाने का एक साधन है-ओम बिड़ला

दिल्ली से राकेश अग्रवाल की विशेष रपट

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के भारत मंडपम में दो दिवसीय 'अंतरराष्ट्रीय जनमंगल सम्मेलन' में शुक्रवार को संतों और जनप्रतिनिधियों ने 'हर माह-एक उपवास' का संकल्प लिया। यह सम्मेलन योग, अध्यात्म और उपवास साधना के संगम के रूप में हुआ। यह सम्मेलन योग गुरु स्वामी रामदेव और जैन संत अंतर्मना आचार्य प्रसन्न सागर महाराज की अगुवाई में एक जनआंदोलन बनाने का प्रयास है। जनमंगल की सम्यक दृष्टि–उपवास, ध्यान, योग व स्वदेशी चिंतन विषय पर आधारित इस सम्मेलन में देश भर के संतों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षाविदों, वैज्ञानिकों और लाखों अनुयायियों ने भाग लिया।

### मुख्य झलकियाँ

- यह दो दिवसीय सम्मेलन ( 12-13 दिसंबर 2025 ) नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित किया जा रहा है।
- इस अभियान का मार्गदर्शन योग गुरु स्वामी रामदेव और जैन संत आचार्य प्रसन्न सागर महाराज कर रहे हैं।
- सम्मेलन का मुख्य फोकस 'जनमंगल की सम्यग्दृष्टि: उपवास, ध्यान, योग व स्वदेशी चिंतन' है।
- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने इस अवसर पर कहा कि उपवास केवल एक धार्मिक कृत्य नहीं, बल्कि इच्छाशक्ति और आत्म-अनुशासन बनाने का एक साधन है। उन्होंने स्वयं भी हर महीने एक उपवास का संकल्प लिया।
- इस आयोजन में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, गजेंद्र सिंह शेखावत और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता जैसी अन्य प्रमुख हस्तियों ने भी भाग लिया या शामिल होने की उम्मीद है।
- इस अभियान के तहत लोगों को हर महीने की 7 तारीख को उपवास करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

## एसआईआर मतदाता सूची वाचन प्रक्रिया में कांग्रेसी रहे मौजूद

माखननगर ■ निसं



एसआईआर मतदाता सूची वाचन प्रक्रिया के दौरान नगर के सभी बूथों पर कांग्रेस जन सक्रीय नजर आये । नगर कांग्रेस अध्यक्ष संजय गिल्ला ने वरिष्ठ कांग्रेसजनों के साथ सभी बूथों पर पहुंचकर मतदाता सूची वाचन प्रक्रिया में शामिल होकर बीएलओ, सुपरवाइजर एवं वरिष्ठ सीएमओ जी एस राजपूत सहित अधिकारियों के साथ मिलकर मतदाताओं को आ रही परेशानियों का निराकरण करने का प्रयास किया ।

इसी मतदाता सूची वाचन प्रक्रिया क्रम में बूथ क्रमांक 77 एवं 79 सिलारी मै अरविंद सोलंकी ,विनेश मीना,रामदास अहिरवार , बूथ क्रमांक 78 छात्रावास में हातिम खान, शेखर राजपूत, बूथ क्रमांक 80 बेसिक स्कूल में पूर्व पार्षद बाबू खान, पार्षद बब्लू अंसारी, बूथ क्रमांक 81 आंगनवाड़ी बालाजी कॉलोनी में युवा नेता अंकुर जैन, बूथ क्रमांक 82 बेसिक स्कूल में प्रकाश चौरसिया,संदीप नागोरिया, बूथ क्रमांक 83 मॉडल स्कूल में कार्तिकेय वर्मा, बूथ क्रमांक 84 कुठारिया में संतोष यादव,दिनेश मेहरा, बूथ क्रमांक 85 मॉडल स्कूल में शेरू खान,अरमान खान, बूथ क्रमांक 86 नगर पालिका में बलराम अहिरवार,प्रकाश अहिरवार,बूथ क्रमांक 87 कन्या शाला में रसीद खान,सुनील मोदी, बूथ क्रमांक 88 कन्याशाला में रत्नेश बडगूजर,अंशुल डेरिया, बूथ क्रमांक 89 नगर पालिका में रहीम खान के साथ एसआईआर नगर प्रभारी प्रकाश चौरसिया, अमृतबिंदु डेरिया, जाहिद खान, मोहन सोनी, राजेंद्र खंडेलवाल, आदेश शर्मा,द्वारका चौधरी,राजेन्द्र बडगूजर , उमेश तिवारी,शेलेन्द्र दुवे, विजय मीना, गिरीश वर्मा,रसूल खान,भगवान दास साहू,प्रदीप जैन, उत्कर्ष आचार्य, सुमित डेरिया, मुकेश चौहान, लोकेश चौधरी, इरफान खान, आमीन कुरेशी, राजेंद्र चौहान, मुकेश सोनी, भवानी साहू, महबूब खान सहित अनेक कांग्रेस जन शामिल रहे ।

## शोरूम से चोरी गया जान डियर ट्रेक्टर पुलिस ने किया बरामद

**माखननगर।** नौ दिसम्बर को कुठारिया स्थित जान डियर ट्रेक्टर के संगम एग्रो एक्यूपमेंट नामक शोरूम की शटर का ताला तोड़कर एक नया जान डियर ट्रेक्टर व एक रोटर वेटर अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गये ।इस मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी अनूप उईके ने पुलिस की चार टीम बनाई जिन्होंने चारों तरफ़ के लगभग 150 सीसीटीवी कैमरे खंगाले तब जाकर पुलिस चोरी हुए ट्रेक्टर तक बुदनी के जंगल पंहुची और ट्रेक्टर बरामद कर थाने लेकर आये । परन्तु चोरी करनेवाला हाथ नहीं लगा ।

## मालाखेड़ी चौराहे सहित सड़कों से हटाया अतिक्रमण

नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन




नगरपालिका की टीम द्वारा लगातार नगर को अतिक्रमण मुक्त करने तथा नगर की सड़कों फल और सब्जी ठेले वालों को हटाकर उन्हें निर्धारित स्थान पर पहुंचा जा रहा है। शुक्रवार को नगर के अनेक स्थानों पर अतिक्रमण मुहिम चलाई गई।

अतिक्रमण दल सहप्रभारी सुनील राजपूत ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर लगातार अतिक्रमण मुहिम चलाई जा रही है। आज मालाखेड़ी तिराहे, सतरस्ते, नेहरू पार्क आदि सड़कों से अतिक्रमण हटाया गया। फल एवं सब्जी विक्रेताओं को सड़क से हटाकर उन्हें निर्धारित स्थान पर पहुंचाया जा रहा है। साथ ही उन्हें समझाश दी जा रही है। श्री राजपूत ने बताया कि नपाध्यक्ष और सीएमओ के अतिक्रमण हटाने के सख्त निर्देश हैं। कोई भी व्यक्ति सड़क मार्ग अवरूद्ध न करें, अन्यथा जब्ती और जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी। यह मुहिम लगातार जारी रहेगी। अतिक्रमण हटाते समय तहसीलदार शक्तिश्री सिंह तोमर उपस्थित रहे।

## मानव अधिकार दिवस पर विधिक साक्षरता शिविर सम्पन्न

सोहागपुर ■ निसं

मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर एवं माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश नर्मदापुरम के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में बुधवार, 10 दिसंबर 2025 को जवाहरलाल नेहरू स्मृति महाविद्यालय, सोहागपुर में विधिक साक्षरता शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन मानव अधिकार दिवस के अवसर पर किया गया था, जिसके लिए प्रभारी अधिकारी एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्रीमती संगीता डाबर मौर्य के निर्देशन में कार्यक्रम संचालित हुआ। कार्यक्रम में तेज़दीप सिंह शासन, जेएमएफसी सोहागपुर मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहे। इस अवसर पर एसडीएम सोहागपुर, थाना प्रभारी ऊषा मरावी सोहागपुर, तहसीलदार, अधिवक्तागण, महाविद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

अपने उद्बोधन में वक्ताओं ने मानव अधिकारों, विधिक सहायता योजनाओं, महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित कानूनों, साइबर सुरक्षा, घरेलू हिंसा, कानूनी संरक्षण और समाज में न्यायिक जागरूकता के महत्व पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। छात्रों ने भी उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछकर कानून और अधिकारों की समझ को और गहरा किया। अंत में, कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में कानूनी जागरूकता बढ़ाना, मानव अधिकारों के प्रति संवेदनशील बनाना और समाज में न्याय की पहुंच को मजबूत करने पर केंद्रित रहा।

## नपा में नेशनल लोक अदालत का आयोजन आज

**नर्मदापुरम।** नगरपालिका कार्यालय परिसर में आज नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जहां नागरिक अपनी सुविधानुसार कर जमा सकते हैं और नेशनल लोक अदालत में मिलने वाली रियायत का लाभ ले सकते हैं। राजस्व शाखा के हरिश गोस्वामी ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर नगरपालिका कार्यालय परिसर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें नागरिक अपने समस्त प्रकार के कर एक मुश्त जमा कर सकते हैं साथ ही नेशनल लोक अदालत में मिलने वाली रियायत का भी लाभ ले सकते हैं।

### बुदनी पुलिस की रातभर कॉम्बिंग गश्त

## चिन्हित अपराधियों के ठिकानों पर दबिश, पूरी रात सघन कार्रवाई

बुदनी ■ निसं



पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के निर्देशन में बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात बुदनी क्षेत्र में पुलिस द्वारा व्यापक कॉम्बिंग गश्त अभियान चलाया गया। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने और अपराधियों पर कड़ी निगरानी रखने के उद्देश्य से पुलिस टीम ने पूरी रात इलाके में सघन गश्त की।

रात 12 बजे से सुबह 5 बजे तक चले इस अभियान में थाना बुदनी पुलिस ने विभिन्न क्षेत्रों में दबिश देकर निगरानी बदमाशों, वारंटियों और चिन्हित अपराधियों की चेकिंग की। संवेदनशील इलाकों में पुलिस ने पैदल और वाहन गश्त के माध्यम से संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने कई स्थानों पर घर-घर दस्तक देकर स्थानीय हालात का जायजा लिया तथा देर रात सक्रिय रहने वाले अपराधियों पर विशेष निगरानी रखी। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में बुदनी थाना पुलिस ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी मुस्तैदी दिखाई।

पूरे अभियान के दौरान एसडीओपी बुदनी रवि शर्मा स्वयं मौजूद रहे। उन्होंने मौके पर पुलिस टीम को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कार्रवाई का नेतृत्व किया। वहीं थाना प्रभारी संदीप जाट भी पूरी रात टीम के साथ रहकर गश्त और दबिश की कार्यवाही में सक्रिय रहे।

बुदनी पुलिस के अनुसार, अपराधियों पर की जा रही यह कार्रवाई आगे भी नियमित रूप से जारी रहेगी। रात के समय गश्त और आकस्मिक दबिश अभियान से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026 के उद्घाटन समारोह में दिखेगा रोजर फेडरर का जलवा

**मेलबर्न।** स्विट्ज़रलैंड के टेनिस दिग्गज रोजर फेडरर जनवरी 2026 में एक बार फिर अपने 'हैप्पी स्लैम' की ओर लौटेंगे। ऑस्ट्रेलियन ओपन आयोजकों ने शुक्रवार को घोषणा की कि फेडरर टूर्नामेंट के आधिकारिक उद्घाटन के लिए होने वाले 'बैटल ऑफ द वर्ल्ड नंबर 1ह्य' इवेंट की शोभा बढ़ाएंगे। रिटायरमेंट के बाद पहली बार वे 2022 के बाद रॉड लेवर एरीना में नजर आएंगे। मेलबर्न पार्क में पहली बार आयोजित किया जा रहा यह विशेष ओपनिंग सेरेमनी 18 जनवरी से शुरू होने वाले टूर्नामेंट से एक दिन पहले होगी। इसमें फेडरर को विशेष सम्मान भी दिया जाएगा। फेडरर छह बार नॉर्मन ब्रूक्स ट्रॉफी जीत चुके हैं और उनके नाम कुल 20 ग्रैंड स्लैम खिताब दर्ज हैं। इस खास मुकाबले में फेडरर के साथ चार बार के ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन आंद्रे अगासी, ऑस्ट्रेलिया के पैट राफ्टर और लेटन हेविट भी कोर्ट पर उतरेंगे। फेडरर ने कहा, 'काफी समय पहले मैंने ऑस्ट्रेलियन ओपन को 'हैप्पी स्लैम' कहा था, और आज भी इस नाम को याद करके मुस्कान आ जाती है। मैंने रॉड लेवर एरीना पर कई तरह की भावनाएँ महसूस की हैं—छह बार 'नॉर्मन' उठाने की खुशी, खुद रॉड लेवर के सामने खेलने का सम्मान, दिग्गज प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ संघर्ष और ऑस्ट्रेलियाई प्रशंसकों का अपार प्यार।' फेडरर ने कहा कि 2017 में ऑस्ट्रेलियन ओपन जीतना उनके करियर का सबसे खास पलों में से एक है और 2018 में इसे दोहराना 'सपने जैसा' था।

### फिर से दंगल की दुनिया में उतरेंगी विनेश फोगाट, सन्यास खत्म करने का ऐलान

**जींद।** ओलंपियन और जुलाना से कांग्रेस विधायक विनेश फोगाट ने शुक्रवार को संन्यास वापस लेने का ऐलान करते हुए 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक में खेलने की इच्छा जताई। राजनीति में एंट्री कर चुकी विधायक विनेश फोगाट ने सोशल मीडिया पर लिखा है कि लोग पूछते रहे कि क्या पेरिस अंत है। बहुत समय तक मेरे पास इसका जवाब नहीं था। मुझे मैट से, प्रेशर से, उम्मीदों से, यहां तक कि अपने सपनों से भी दूर जाने की ज़रूरत थी। मुझे अपने सफ़र के बोझ को समझने में समय लगा, उतार-चढ़ाव, दिल टूटना, त्याग, मेरे वो रूप जिन्हें दुनिया ने कभी नहीं देखा और कहीं न कहीं उस सोच में, मुझे सच पता चला, मुझे अब भी यह खेल पसंद है। मैं अब भी मुकाबला करना चाहती हूं। मैं ओलंपिक-2028 की ओर वापस कदम बढ़ा रही हूं। विनेश फौगाट ने सोशल मीडिया पर शेयर की पोस्टल में लिखा, इस बार मैं अकेली नहीं चल रही हूं, मेरा बेटा मेरी टीम में शामिल हो रहा है, मेरा सबसे बड़ा मोटिवेशन, ओलंपिक्स के इस रास्ते पर मेरा छोटा चीयरलीडर है।

### पुणे ग्रैंड टूर 2026: यूके, फ्रांस, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया, चीन, नीदरलैंड्स सहित कई देश होंगे शामिल

# भारत की पहली यूसीआई 2.2 रेस ने आकर्षित किए चार महाद्वीप, पुणे पर टिकी सबकी नजरें

**पुणे ■ एजेंसी**

भारत पहली बार यूनियन साइक्लिस्ते इंटरनेशनेल (यूसीआई) 2.2 श्रेणी की बजाज पुणे ग्रैंड टूर 2026 (कॉन्टिनेंटल टीम्स मेन्स एलीट रोड साइक्लिंग रेस) की मेजबानी के लिए पूरी तरह तैयार है। यह आयोजन न केवल भारतीय खेल इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय जोड़ने जा रहा है, बल्कि भारत को वैश्विक साइक्लिंग मानचित्र पर मजबूत उपस्थिति दिलाने की दिशा में भी एक बड़ा कदम साबित होगा। 19 से 23 जनवरी तक होने वाली यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता अंतरराष्ट्रीय साइक्लिंग सीज़न की औपचारिक शुरुआत करेगी।



पहले ही संस्करण में चार महाद्वीपों से 28 अंतरराष्ट्रीय टीमों ने भागीदारी में रुचि दिखाई है, जिनमें यूरोप, एशिया, ओशिनिया और अमेरिका के शीर्ष साइक्लिंग राष्ट्र शामिल हैं। भारत 'इंडिया ए' और 'इंडिया बी' नाम से दो राष्ट्रीय टीमों को मैदान में उतारेगा, जबकि कुल 4 राष्ट्रीय टीमों और 24 कॉन्टिनेंटल टीमों की उपस्थिति इस आयोजन को विश्वस्तरीय बनाएगी।

इस ऐतिहासिक पहल का श्रेय पुणे जिला प्रशासन को जाता है, जिसे महाराष्ट्र सरकार से निरंतर सहयोग प्राप्त हो रहा है। चार चरणों की यह बहु-दिवसीय रेस कुल 437 किमी की दूरी तय करेगी, जो पुणे की आधुनिक शहरी संस्कृति, ऐतिहासिक धरोहर और सह्याद्री की प्राकृतिक भव्यता का अनूठा मिश्रण प्रस्तुत करेगी। इस आयोजन का उद्देश्य साइक्लिंग को बढ़ावा देने के साथ-साथ पुणे के पर्यटन, पर्यावरणीय जागरूकता और बुनियादी ढांचे को भी सुदृढ़ करना है।

#### वैश्विक साइक्लिंग समुदाय में भारत की मजबूत उपस्थिति

पुणे ज़िलाधिकारी एवं पुणे ग्रैंड टूर के प्रभारी अधिकारी जितेंद्र डूडी ने कहा, 'पहले वर्ष में ही वैश्विक स्तर से मिले अद्भुत प्रतिसाद ने हमें अत्यधिक गौरवान्वित किया है। यूनाइटेड किंगडम, फ्रांस, बेल्जियम, जर्मनी, नीदरलैंड्स, ऑस्ट्रेलिया, चीन, मलेशिया, इंडोनेशिया और थाईलैंड जैसे अग्रणी साइक्लिंग राष्ट्रों ने न केवल रुचि दिखाई है, बल्कि कई टीमों ने अपनी सहभागिता भी पक्की कर दी है। यूसीआई भारत में साइक्लिंग विकास को लेकर बेहद उत्साहित है। यह आयोजन पुणे को एक उभरते हुए अंतरराष्ट्रीय साइक्लिंग गंतव्य के रूप में स्थापित करने का बड़ा अवसर है, और हम इसे विश्वस्तरीय मानकों पर आयोजन करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।'

#### चार चरणों में होगी कठोर चुनौती

बजाज पुणे ग्रैंड टूर 2026 के चार चरण अनुभवी साइक्लिस्टों की सीमाओं को चुनौती देने के लिए विशेष रूप से डिज़ाइन किए गए हैं। यह रेस तेज़ रफ्तार फ्लैट सेक्शनों से लेकर कठिन पहाड़ी चढ़ाइयों और ऐतिहासिक स्थलों से गुजरने वाले मार्गों तक, विविध और रोमांचक अनुभव प्रदान करेगी।

# अंडर-19 एशिया कप में वैभव सूर्यवंशी का तूफानी शतक, भारत ने यूएई के खिलाफ बनाए 433 रन

**दुबई ■ एजेंसी**

पुरुष अंडर-19 एशिया कप 2025 की शुरुआत भारतीय टीम के तूफानी प्रदर्शन के साथ हुई, जहां मात्र 14 साल के ओपनर वैभव सूर्यवंशी ने धमाकेदार बल्लेबाज़ी करते हुए 95 गेंदों पर 171 रन ठोक दिए। उनके इस विस्फोटक शतक की बदौलत भारत ने शुक्रवार को आईसीसी एकेडमी ग्राउंड में खेले गए ग्रुप-ए मुकाबले में यूएई के खिलाफ 50 ओवर में 6 विकेट पर 433 रन का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया।



यूएई के कप्तान यायिन राई ने भारत को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया था। हालांकि, भारत की शुरुआत खराब रही और कप्तान आयुष म्हात्रे सिर्फ 4 रन बनाकर तीसरे ओवर में आउट हो गए। इसके बाद सूर्यवंशी को एरॉन जॉर्ज का साथ मिला और दोनों ने मिलकर यूएई गेंदबाज़ों की जमकर खबर ली।

शुरुआती संभलकर खेलने के बाद सूर्यवंशी ने गियर बदला और आक्रामक मोड में जाते हुए मात्र 30 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने पारी के दौरान 9 चौके और 14 छक्के जड़ते हुए यूएई के गेंदबाज़ों पर कहर बरपाया। सूर्यवंशी ने अंडर-19 एशिया कप में एक पारी में सबसे ज्यादा छक्कों का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। यह रिकॉर्ड इससे पहले अफगानिस्तान के दरविश रसूली (10 छक्के, 2017) के नाम था।

सूर्यवंशी ने 56 गेंदों में शतक, 84 गेंदों में 150 रन पूरे किए और अंत में 95 गेंदों में 171 रन बनाकर रन आउट हुए। यह पारी युवा वनडे क्रिकेट में किसी भारतीय बल्लेबाज का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। पहला रिकॉर्ड 2002 में इंग्लैंड के खिलाफ अंबाती रायुडू (177) के नाम है।

भारत की पारी में एरॉन जॉर्ज (69), विहान मल्होत्रा (69), वेदांत त्रिवेदी (38), अभियज्ञान कुंडु (32) और कनिष्क चौहान (28) ने भी अहम योगदान दिया। भारत ने यूएई को जीत के लिए 434 रन का विशाल लक्ष्य दिया है।

# डफी के पांच विकेट से वेस्टइंडीज धराशायी, न्यूजीलैंड ने दर्ज की डब्ल्यूटीसी चक्र की अपनी पहली जीत

**वेलिंगटन ■ एजेंसी**

वेलिंगटन टेस्ट के तीसरे दिन न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को 9 विकेट से हराकर 2025-27 विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र में अपनी पहली जीत दर्ज की। तेज़ गेंदबाज़ जैकब डफी ने दूसरी पारी में घातक गेंदबाज़ी करते हुए 5 विकेट चटकाए, जिसके चलते वेस्टइंडीज मात्र 128 रन पर ढेर हो गई। न्यूजीलैंड को मिले 56 रनों के लक्ष्य को टीम ने चाय से पहले ही हासिल कर सीरीज में 1-0 की बढ़त ले ली। वेस्टइंडीज इस चक्र में सात में से छह मैच हार चुकी है और अब भी जीत से दूर है।

तीसरे दिन शुक्रवार की सुबह ब्रैंडन किंग (22) के रन-आउट से शुरू हुए विकेट पतन ने जल्द ही वेस्टइंडीज टीम को बैकफुट पर ला दिया। शाई होप उसी ओवर में आसान कैच दे बैठे, जबकि कप्तान रोस्टन चेज़ भी डफी की उछाल लेती गेंद का शिकार बने। कवेम हॉज (35) और जस्टिन ग्रीव्स (25) ने थोड़ी कोशिश जरूर की, लेकिन 31वें ओवर में हॉज का पुल शॉट सबस्टिट्यूट विल यंग ने बेहतरीन कैच में बदल दिया।

88/6 के बाद जीत की उम्मीद लगभग खत्म हो चुकी थी। डफी और रे ने मिलकर बाकी काम निपटा दिया। डफी ने 5-38 के आंकड़े के साथ पारी खत्म की।



#### आसान रहा लक्ष्य का पीछा

लक्ष्य का पीछा करते हुए टॉम लैथम जल्दी आउट हुए, लेकिन डेवोन कॉनवे (28*) और केन विलियमसन (16*) ने टीम को 10 ओवर में ही जीत दिला दी। पहली पारी में न्यूजीलैंड ने 278/9 पर पारी घोषित की थी। वेस्टइंडीज पहली पारी में 205 रन ही बना सकी थी।

मैच के बाद न्यूजीलैंड कप्तान टॉम लैथम ने कहा, 'दूसरी पारी में गेंदबाज़ी बेहतर होती गई। डफी की परफॉर्मेंस शानदार रही।'

वेस्टइंडीज कप्तान रोस्टन चेज़ बोले, 'पिच बल्लेबाजी के लिए आसान थी, लेकिन हम फायदा नहीं उठा सके।' दोनों टीमों के बीच तीसरा टेस्ट 18 दिसंबर से माउंट माउंगानुई में शुरू होगा।

#### संक्षिप्त स्कोर

**न्यूजीलैंड** 278/9 घोषित (हे 61, कॉनवे 60, फिलिप 3-70) और 57/1 (कॉनवे 28, विलियमसन 16)
**वेस्टइंडीज** 205 (होप 47, टिकनर 4-32) और 128 (हॉज 35, डफी 5-38, रे 3-45)
**नतीजा:** न्यूजीलैंड 9 विकेट से जीता

## व्यापार

## संक्षिप्त समाचार

### रुपया गिरावट पर बंद

**मुंबई।** रुपया शुक्रवार को दो पैसे की गिरावट के साथ ही 90.52 पर बंद हुआ। आज सुबह कारोबार में रुपया 24 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.56 के नए निचले स्तर पर पहुंच गया। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चितता एवं विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी से भी निवेशकों की भावना प्रभावित होने से रुपया दबाव में है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि कीमती धातुओं की वैश्विक कीमतों में उछाल के बीच आयातकों द्वारा डॉलर की आक्रामक खरीद से भी रुपया पर दबाव पड़ा। अंतरबैंक विदेशी विनिमय मुद्रा बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.43 पर खुला। फिर डॉलर के मुकाबले 90.56 पर लुढ़क गया जो पिछले बंद भाव से 24 पैसे की गिरावट दिखाता है। रुपया गुरुवार को 38 पैसे टूटकर अब तक के सबसे निचले स्तर 90.32 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.02 फीसदी की बढ़त के साथ 98.37 पर रहा।

### इंडिगो एयरलाइन सीसीआई की जांच के घेरे में

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) आंतरिक रूप से यह देख रहा है कि देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो ने प्रतिस्पर्धा नियमों का उल्लंघन किया है या नहीं। अधिकारी ने बताया कि अभी तक कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं की गई है और जांच स्वतः संज्ञान के आधार पर की जा रही है। इंडिगो घरेलू बाजार में 65 फीसदी से अधिक हिस्सेदारी रखती है। जांच में कंपनी के प्रभुत्व, विशेष मार्गों पर नियंत्रण और इसका दुरुपयोग-शोषणकारी या बहिष्करणकारी- जांचने पर ध्यान दिया जाएगा। प्रभुत्व में होना अपने आप में अपराध नहीं है, केवल इसका दुरुपयोग ही नियमों का उल्लंघन माना जाता है।

# ग्लोबल मार्केट से मजबूती के संकेत एशियाई बाजारों में भी तेजी का रुख

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

ग्लोबल मार्केट से आज मजबूती का रुख नजर आ रहा है। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान मिला-जुला कारोबार करके बंद हुए थे। वहीं डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज बढ़त के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार खरीदारी होती रही। एशियाई बाजार में भी आज आमतौर पर तेजी का रुख बना हुआ है।

अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार उतार-चढ़ाव होता रहा, जिसके करण वॉल स्ट्रीट के सूचकांक मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एस एंड पी 500 इंडेक्स 0.21 प्रतिशत की मजबूती के साथ 6,901 अंक के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर, नैस्डेक ने 0.26 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 23,591.84 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 0.25 प्रतिशत की मजबूती के साथ 48,823.71 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है।

यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान मजबूती का रुख बना रहा। एफटीएसई इंडेक्स 0.49 प्रतिशत की तेजी के साथ 9,703.16 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.78 प्रतिशत की बढ़त के साथ 8,085.76 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया।




### सेबी ने प्रतिभूति बाजार के लिए नामांकन ढांचे का तीसरा चरण स्थगित किया

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने प्रतिभूति बाजार के लिए नामांकन ढांचे के तीसरे चरण के कार्यान्वयन को स्थगित कर दिया है। यह चरण पहले 15 दिसंबर से प्रभावी होने वाला था। सेबी ने कहा कि नई तिथि बाद में घोषित की जाएगी। स्थगन का कारण डिपॉजिटरी और अन्य हितधारकों को परिचालन संबंधी चुनौतियों का सामना करना बताया गया है। सेबी ने रीट और इनविट की परिभाषा में संशोधन करते हुए यह स्पष्ट किया कि योग्य संस्थागत खरीदार (क्यूआईबी) अब रणनीतिक निवेशक के रूप में आवेदन कर सकते हैं। इस श्रेणी में सरकारी वित्तीय संस्थान, पेंशन एवं भविष्य निधि, वैकल्पिक निवेश निधि, राज्य औद्योगिक विकास निगम, पारिवारिक ट्रस्ट और 500 करोड़ रुपये से अधिक संपत्ति वाले पंजीकृत मध्यस्थ शामिल हैं। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड का 10,000 करोड़ रुपये का आईपीओ शुक्रवार से खुलने वाला है। इससे पहले ही 4,815 करोड़ रुपये का निवेश किया जा चुका है। इसमें प्रमुख निवेशक झुनझुनवाला परिवार, मधुसूदन केला सहित कुल 26 निवेशक शामिल हैं। कंपनी ने 22,240,841 इक्विटी शेयरों का निजी प्लेसमेंट 2,165 रुपये प्रति शेयर की दर से किया।

इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 164.47 अंक यानी 0.68 प्रतिशत उछल कर 24,294.61 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

एशियाई बाजार में आज आमतौर पर खरीदारी का रुख बना हुआ है। एशिया के 9 बाजार में से 8 के सूचकांक बढ़त के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि एक सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में बना हुआ है। एशियाई बाजारों में इकलौता शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.04 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 3,871.78 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। दूसरी ओर, गिफ्ट निफ्टी 100 अंक यानी 0.38 प्रतिशत की मजबूती के साथ 26,126 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह ताइवान वेटेड इंडेक्स 0.36 प्रतिशत की तेजी के साथ 28,124.94 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। हैंग सेंग इंडेक्स ने आज बड़ी छलांग लगाई है। फिलहाल ये सूचकांक 361.49 अंक यानी 1.40 प्रतिशत उछल कर 25,892 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है।

इसी तरह स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 1.22 प्रतिशत की मजबूती के साथ 4,575.90 अंक के स्तर पर आ गया है। इसके अलावा निक्केई इंडेक्स 383.18 अंक यानी 0.75 प्रतिशत की तेजी के साथ 50,5240 अंक के स्तर पर, कोस्पी इंडेक्स 0.70 प्रतिशत की मजबूती के साथ 4,138.50 अंक के स्तर पर, जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 0.38 प्रतिशत की बढ़त के साथ 8,653.01 के स्तर पर और सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.23 प्रतिशत उछल कर 1,256.47 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।

### सर्राफा बाजार में चमका सोना, चांदी की भी बढ़ी चमक



**नई दिल्ली।** सर्राफा बाजार में आज तेजी का रुख बना हुआ है। आज की तेजी के कारण देश के सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 1,30,760 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,30,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,19,860 रुपये से लेकर 1,20,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोने की तरह ही चांदी की कीमत में भी उछाल आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 2,01,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है।

दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,30,910 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,20,010 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,30,760 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,19,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,30,810 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,19,910 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,30,760 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,19,860 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,30,760 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,19,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,30,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,19,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,30,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,20,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,30,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,19,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,30,910 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,20,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

### 2026 में भारत लौटेगा सॉफ्टबैंक

#### एआई स्टार्टअप्स में फिर बढ़ेगा निवेश

**मुंबई ■ एजेंसी**

जापान की दिग्गज निवेश कंपनी सॉफ्टबैंक 2026 से एक बार फिर भारत में सक्रिय रूप से निवेश शुरू करने की तैयारी में है। सॉफ्टबैंक इनवेस्टमेंट एडवाइजर्स के एक मैनेजिंग पार्टनर ने कहा कि कंपनी भारत के अगले ग्रोथ साइकिल से बाहर रहने का कोई इरादा नहीं रखती। हाल ही में एक साक्षात्कार में उन्होंने स्पष्ट किया कि जरूरत पड़ने पर फर्म छोटे निवेश करके भी भारतीय बाजार में अपनी मौजूदगी बनाए रखेगी। पिछले तीन वर्षों में सॉफ्टबैंक द्वारा समर्थित आठ भारतीय कंपनियां शेयर बाजार में लिस्ट हुई हैं, जिनमें ताज़ा नाम मीशो का है। हालांकि इस अवधि में कंपनी ने नए निवेश से दूरी बनाए रखी और पिछले दो सालों में केवल फिनटेक स्टार्टअप जसपे में ही नई डील की। उनके अनुसार यह कदम एग्जिट मोड का संकेत नहीं है, बल्कि बाजार की परिस्थितियों में विवेकपूर्ण निवेश रणनीति का हिस्सा था। उन्होंने कहा कि 2026 में सॉफ्टबैंक पूंजी लगाने को लेकर आश्वस्त है, क्योंकि अच्छी क्वालिटी वाले फाउंडर्स और एआई-केंद्रित स्टार्टअप्स की मजबूत पाइपलाइन तैयार हो चुकी है। कंपनी का मुख्य फोकस एआई कंज्यूमर ऐप्स, वीडियो एडिटिंग, हेल्थटेक और बी2बी एआई कंपनियों पर रहेगा।

# मानवाधिकार, संविधान और समाज पर विशेषज्ञ-प्रबुद्धजनों की परिचर्चा

**भोपाल ■ प्रतिनिधि**

टीवी 27 एवं भोपाल मैनेजमेंट एसोसिएशन, एलएनसीटी कॉलेज के बैनर तले एलएनसीटी यूनिवर्सिटी के सीएमसी हॉल में एक कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया। विषय था मानवाधिकार, निर्माण और समाज। कार्यक्रम की शुरुआत टीवी 27 के प्रमुख श एस एन मालवीय जी के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने मानवाधिकारों के महत्व पर ज़ोर दिया। राजन मेहता ने इस कॉन्क्लेव के पीछे के उद्देश्य को विस्तार से समझाया।

मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष अवधेश प्रताप सिंह ने इस दिन के महत्व और मानवाधिकार आयोग की भूमिका के बारे में बताया। अनुपम चौकसे ने एल एन सी टी यूनिवर्सिटी में समारोह आयोजित करने के लिए टीवी 27 और एल एन सी टी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने इस बात पर भी ज़ोर दिया कि जनता के सामने आने वाले मुद्दों को जल्दी समाधान के लिए सही मंच पर संबोधित किया जाना चाहिए। उन्होंने छात्रों को ज्ञान हासिल करने के लिए इस अवसर का उपयोग करने की सलाह दी।




पहले पैनल में अवधेश प्रताप सिंह, लालजी मिश्रा, एसके राउत, सुरेश तोमर, सुश्री। श्रद्धा तिवारी ने जेल में जुल्म, पुलिस डिपार्टमेंट में प्रॉब्लम, महिलाओं के खिलाफ जुल्म, आदिवासी महिलाओं की एजुकेशन के बारे में डिटेल में बात की। सुरेश तोमर ने आदिवासी लोगों के लिए एजुकेशन की इंपॉर्टेंस पर ज़ोर दिया ओर कहा सभी धर्म जाति समुदाय भाषा धार्मिक ग्रन्थ से पहले संविधान है संविधानसम्मत कार्य होंगे तो मानवाधिकार सुरक्षित रहेंगे।

**स्टूडेंट्स के उठाए सवालों का पैनलिस्ट्स ने अच्छे से जवाब दिया**-दूसरे पैनल में मिस आशा शुक्ला (पूर्व वाइस चांसलर), मिस्टर मुकेश कुमार साहू (डीन और डायरेक्टर विधि), श्रीमती कला मोहन (सोशल एक्टिविस्ट), सुश्री शिखा छिब्बर (मानव अधिकार अधिवक्ता), सोमकुवर (पूर्व जेल अधीक्षक) शामिल हैं। साहू ने ज़ोर दिया कि स्टूडेंट्स को स्कूल लेवल पर ह्यूमन राइट्स के बारे में सिखाया जाना चाहिए। श्रीमती आशा शुक्ला ने अपनी व्याख्यान में लैंगिक समानता पर ज़ोर दिया। शिखा छिब्बर ने बताया कि महिलाओं के खिलाफ कई क्राइम सही प्लेटफॉर्म पर रिपोर्ट नहीं किए जाते हैं। महिलाएं अपनी प्रॉब्लम शेयर करने में हिचकिचाती हैं। उन्हें इसे पब्लिक नोटिस में लाने में शर्म महसूस नहीं करनी चाहिए। कला मोहन ने बताया कि स्कूलों में कई अच्छी प्रैक्टिस फॉलो की जानी चाहिए और स्टूडेंट्स को बच्चों के खिलाफ ज़ुल्म के बारे में एजुकेट किया जाना चाहिए। माता-पिता को अपने बच्चों के साथ ज़्यादा समय बिताना चाहिए। लॉ स्टूडेंट को लोगों को ह्यूमन राइट्स के बारे में बताना चाहिए। सोमकुवर ने बताया कि आज के समय में जेल एक सुधार गृह है यह एक ऐसी जगह है जहाँ लोगों को न सिर्फ़ सज़ा मिलती है बल्कि अपनी गलतियाँ सुधारने का मौका भी मिलता है। महिला कैदियों के साथ सही बर्ताव होना चाहिए। जेल के कैदियों के बच्चों को पढ़ाई से दूर नहीं रखना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन शैलेंद्र ओझा ने ओर आभार प्रदर्शन बीएमए के मानद सचिव शंकरण ने किया।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली-एनसीआर में वाहन प्रदूषण घटाने पर विचार के लिए विशेषज्ञ समिति का गठन

**नई दिल्ली।** वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने दिल्ली-एनसीआर में वाहनों से होने वाले प्रदूषण को कम करने पर विचार के लिए 15 सदस्यों की समिति का शुक्रवार को गठन किया। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास (आईआईटी मद्रास) के प्रो. अशोक झुनझुनवाला को समिति का अध्यक्ष और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के पूर्व निदेशक डॉ. रणदीप गुलेरिया को सह-अध्यक्ष बनाया गया है। यह समिति दो महीने में अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।
सीक्यूएम ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि दिल्ली-एनसीआर में हवा खराब होने की एक बड़ी वजह वाहनों से निकलने वाला धुआं है। इससे पीएम2.5, कार्बन मोनो ऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइ और दूसरे प्रदूषक बढ़ जाते हैं, जो लोगों की सेहत के लिए बेहद नुकसानदायक है। इसी वजह से वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने एक विशेषज्ञ समिति बनाई है, जो बताएगी कि वाहन प्रदूषण कैसे कम किया जाए। समिति में आईआईटी के प्रोफेसर, स्वास्थ्य विशेषज्ञ, ऑटो रिसर्च संस्थान, सरकारी अधिकारी और पर्यावरण संस्थाओं के विशेषज्ञ शामिल हैं।

### केंद्रशासित प्रदेश दमण और दीव में तालाब में डूबने से तीन बच्चों की मौत

**दमण।** केंद्रशासित प्रदेश दमण और दीव के दमण के धाभेल स्थित आठियावाड़ विस्तार में गुरुवार की देर शाम एक दुखद घटना घटी, जहां तालाब में नहाने गए तीन बच्चों की डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद पूरे इलाके में शोक का माहौल छा गया है। सूत्रों के अनुसार चार बच्चे तालाब में नहाने पहुंचे थे, जब पानी में उतरते ही अचानक वे गहराई में चले गए। स्थानीय युवाओं ने तुरंत दौड़कर एक बच्चे को पानी से बाहर निकाल लिया। बाहर लाए गए बच्चे ने बताया कि उसके तीन साथी अभी भी तालाब में हैं। यह सुनते ही पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। जानकारी पर पुलिस, फायर ब्रिगेड और एम्बुलेंस की टीमें तेजी से मौके पर पहुँचीं। जिला प्रशासन के अधिकारी भी घटना स्थल पर पहुंचे। फायर कर्मियों ने कई घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद तीनों बच्चों के शव तालाब से बाहर निकाले। पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और हादसे की जांच शुरू कर दी है कि तालाब में सुरक्षा व्यवस्था क्यों नहीं थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि तालाब के आसपास न चेतावनी बोर्ड लगे थे और न ही कोई सुरक्षा घेरा, जिस कारण यह बड़ी दुर्घटना हो गई। इस हादसे के बाद आठियावाड़ विस्तार में मातम पसरा हुआ है और मृत बच्चों के परिवारों का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि तालाबों के किनारे सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।

### समय से पहले ऑफिस आने पर महिला को नौकरी से निकाला

**मेड्रिड।** आमतौर पर काम पर देर से आने पर नौकरी से निकाला जाना आम बात मानी जाती है, लेकिन स्पेन में एक महिला के साथ ऐसा हुआ जो समय से पहले ऑफिस आने के कारण नौकरी से हटाई गई। मामला एलिकांटे की एक डिलीवरी कंपनी का है, जहां एक महिला अक्सर सुबह 6:45 से 7:00 बजे के बीच काम पर पहुंचती थी, जबकि उसके अनुबंध के अनुसार शिफ्ट 7:30 बजे शुरू होती थी। महिला के जल्द पहुंचने की आदत से उसके प्रबंधक नाखुश थे। 2023 में उसे पहली बार चेतावनी दी गई थी, लेकिन उसने प्रबंधन की इस अप्रत्यक्ष धमकी की परवाह किए बिना जल्दी आना जारी रखा। साल की शुरुआत में कंपनी ने उसे गंभीर कदाचार का आरोप लगाते हुए नौकरी से निकाल दिया। कंपनी का तर्क था कि इतनी जल्दी आने की वजह से उसके पास करने के लिए काम नहीं होता और इसलिए वह कंपनी के लिए योगदान नहीं दे रही थी। महिला ने इस फैसले को अदालत में चुनौती दी। हालांकि, एलिकांटे की सामाजिक अदालत ने कंपनी का पक्ष लिया।

### राहुल गांधी पर मानहानि मामले में आज सुनवाई टली, अगली सुनवाई 23 दिसंबर को

**सुलतानपुर।** उत्तर प्रदेश के जिला सुलतानपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ बयानबाजी को लेकर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ एक मानहानि मामले की सुनवाई शुक्रवार को टल गई। राहुल गांधी के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ला ने समय लेने के कारण आज सुनवाई स्थगित हो गई। कोर्ट ने अब अगली सुनवाई के लिए 23 दिसंबर की तिथि तय की है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ला ने बताया कि शुक्रवार को गवाह रामचंद्र दुबे से जिरह होनी थी, लेकिन अधिवक्ता के समय लेने के कारण सुनवाई टाल दी गई। अब 23 दिसम्बर को राहुल गांधी के अधिवक्ता गवाह रामचंद्र दुबे से जिरह करेंगे।

### विजेंद्र गुप्ता ने प्रधानमंत्री को 'शताब्दी-यात्रा' कॉफी टेबल बुक भेंट की



**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से संसद भवन स्थित प्रधानमंत्री कार्यालय में शुक्रवार को मुलाकात की और उन्हें दिल्ली विधानसभा की प्रस्तुति 'शताब्दी-यात्रा, वीर विट्ठलभाई पटेल' शीर्षक से प्रकाशित कॉफी टेबल बुक भेंट की। यह कॉफी टेबल बुक केंद्रीय विधानसभा के प्रथम भारतीय निर्वाचित अध्यक्ष वीर विट्ठलभाई पटेल को समर्पित है। यह पुस्तक 1925 से 2025 तक भारत की संसदीय यात्रा का ऐतिहासिक दस्तावेज प्रस्तुत करती है।

## नेशनल ज्यूडिशियल कॉन्फ्रेंस 13-14 दिसंबर को जैसलमेर में, दो सौ से अधिक जज लेंगे हिस्सा

**जोधपुर ■ एजेंसी**

सरहदी जिला जैसलमेर इस सप्ताह देश के न्यायिक इतिहास जगत एक बड़े कार्यक्रम के आयोजन की मेजबानी करने जा रहा है। नेशनल ज्यूडिशियल एकेडमी (एनजेए) के जरिए आयोजित जोधपुर वेस्ट जोन-1 क्षेत्रीय सम्मेलन के लिए देश की न्यायपालिका के दिग्गज इस मरुस्थलीय शहर में एकत्रित हुए है। आगामी 13 और 14 दिसंबर को होने वाले इस दो दिवसीय सम्मेलन में भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत सहित सुप्रीम कोर्ट और विभिन्न हाई कोर्ट्स के 25 से अधिक शीर्ष न्यायाधीश सहित करीब दो सौ से अधिक जज शिरकत कर रहे हैं।



इस महत्वपूर्ण क्षेत्रीय सम्मेलन से ठीक एक दिन पहले आज राजस्थान हाई कोर्ट की फुल कोर्ट मीटिंग आयोजित की गई। सुबह लगभग 11 बजे शुरू हुई यह बैठक दोपहर बाद तक चली, जिसमें राज्य की न्यायिक स्थिति, लंबित मामलों की बढ़ती संख्या, तकनीकी सुधारों की आवश्यकता और न्याय व्यवस्था के सामने खड़ी प्रमुख चुनौतियों पर गहन चर्चा की गई। दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन शहर के प्रतिष्ठित होटल रंगमहल में किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य न्यायिक प्रणाली में टेक्नोलॉजी के बेहतर इस्तेमाल को सुनिश्चित करना और टेक्नोलॉजी बेस्ड जस्टिस सिस्टम को मजबूत करना है।

विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले समय में न्यायिक कामकाज का एक बड़ा हिस्सा डिजिटल माध्यम से होगा, इसलिए यह सम्मेलन न्यायिक सुधारों की दिशा तय करने में मील का पत्थर साबित हो सकता है। दो दिवसीय सम्मेलन के दौरान ई-कोर्ट्स, डिजिटल केस मैनेजमेंट, वर्चुअल हियरिंग, डाटा सुरक्षा और सबसे महत्वपूर्ण आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) जैसे दूरदर्शी विषयों पर कई सत्र आयोजित होंगे।

### लोकसभा में हिंदुओं और सनातन के खिलाफ बढ़ते भेदभाव पर दहाड़े अनुराग ठाकुर

## सनातन का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद अनुराग ठाकुर ने शुक्रवार को लोकसभा में शून्यकाल के दौरान तमिलनाडु की डीएमके सरकार में हिंदुओं और सनातन धर्म के खिलाफ बढ़ते भेदभाव के माहौल पर गंभीर चिंता जताई। उन्होंने मदुरै की उस घटना का उल्लेख किया, जिसमें हिंदू भक्तों पर तमिलनाडु पुलिस ने इसलिए बेरहमी से लाठीचार्ज किया क्योंकि वे भगवान मुरुगन के छह घरों में से एक, पवित्र थिरुप्परनकुंद्रम पहाड़ी पर पारंपरिक कार्तिगई दीपम जलाने की मांग कर रहे थे।

लोकसभा में बोलते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा 'डीएमके के राज में तमिलनाडु बदकिस्मती से सनातन धर्म के खिलाफ एक सिंबल बन गया है। तमिलनाडु सरकार के मंत्री खुलेआम सनातन धर्म के खिलाफ गलत बयान देते हैं। जब प्रधानमंत्री ने अयोध्या में भगवान राम की प्राण-प्रतिष्ठा की तो डीएमके सरकार ने इसका कड़ा विरोध किया।'

उन्होंने कहा कि 'मद्रास हाई कोर्ट की मदुरै बेंच के थिरुप्परनकुंद्रम पहाड़ी पर कार्तिगई दीपम जलाने की इजाज़त देने के साफ निर्देशों के बाद भी राज्य सरकार ने जानबूझकर कोर्ट के आदेश को नज़रअंदाज़ किया। सदियों पुरानी परंपरा बनाए रखने के लिए इकट्ठा हुए शांतिप्रिय हिंदू भक्तों पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया। यह सिर्फ धार्मिक भावनाओं पर हमला नहीं बल्कि कोर्ट की खुली अवमानना ??और संविधान के तहत मिले धर्म की



आज़ादी के बुनियादी अधिकार का गंभीर उल्लंघन है।'

अनुराग ठाकुर ने सवाल किया कि हिंदुओं के साथ उनके ही देश में इतना खुला भेदभाव क्यों किया जा रहा है? क्या तमिलनाडु में अब अपने धर्म का पालन जुर्म है?'

अनुराग ठाकुर ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और डीएमके सरकार से देशभर के करोड़ों हिंदू भक्तों से तुरंत माफ़ी मांगने की मांग की। उन्होंने केंद्र सरकार से तमिलनाडु में हिंदू परंपराओं पर हो रहे सुनियोजित अत्याचार का संज्ञान लेने और भारत के हर कोने में हिंदुओं के धार्मिक अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की भी अपील की।

### रील संस्कृति पर राज्य सभा में उठे सवाल, सदस्यों ने कई दूसरे जरूरी मुद्दे भी उठाए

**नई दिल्ली।** राज्य सभा में शून्य काल के दौरान शुक्रवार को राजस्थान से राज्यसभा सदस्य मदन राठौर ने रील कल्चर पर सवाल उठाते हुए कहा कि इससे रिश्ते शर्मसार हो रहे हैं। देवर-भाभी के रिश्ते को हमारे समाज में माता-पुत्र के रिश्ते की तरह देखा जाता है, लेकिन रील्स में इसे असामाजिक तरीके से पेश किया जाता है। रील्स की वजह से समाज बर्बाद हो रहा है। उन्होंने अश्लील रील बनाने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग करते हुए सरकार से इसके खिलाफ कानून बनाने की जरूरत बताई। राज्य सभा में आज शून्य काल में कई दूसरे महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए गए। राज्यसभा सदस्य पीटी ऊषा ने स्वदेशी डोपिंग-रोधी किट बनाने की मांग करते हुए कहा कि स्वदेशी तकनीक लाने से टेस्ट की कीमत कम और समय की बचत होगी। एंटी डोपिंग टेस्ट में भारत आत्मनिर्भर होगा और कुछ नए स्टार्टअप शुरू होने से रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। इसके साथ वायु प्रदूषण का भी मुद्दा उठा। शिवसेना (यूबीटी) की राज्यसभा सदस्य प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि देश के सामने मौजूदा चुनौतियों के बारे में सदन में चर्चा ज्यादा जरूरी है। एसआईआर, वायु प्रदूषण, बेरोजगारी का संकट, गोवा आग त्रासदी उतने ही जरूरी मुद्दे थे और उम्मीद है कि हम संसद के काम करने के दिन बढ़ा कर ऐसे मामलों पर चर्चा कर सकते हैं। वहीं, मनोनीत सदस्य सुधा मूर्ति ने 02 बजे के बाद निजी विधेयक के तहत शुक्रवार को छोटे बच्चों की शिक्षा से संबंधित निजी विधेयक रखा। उन्होंने सरकार से मांग की है कि शिक्षा का अधिकार तीन वर्ष से 14 वर्ष तक की आयु के बच्चों पर लागू होना चाहिए



फिलहाल ये 6 वर्ष से शुरू होता है, आयु तीन साल घटा देनी चाहिए। सुधा मूर्ति ने कहा तीन से 6 वर्ष तक की आयु के बच्चों का पोषण और पढ़ाई मुफ्त होनी चाहिए और इसको मूलभूत अधिकार बनाना चाहिए। उन्होंने कहा तीन से छह साल की आयु में बच्चे का दिमाग विकसित होता है, समाज के जो वंचित वर्ग के बच्चे हैं उनको इस आयु में पोषण और शिक्षा दोनों देने चाहिए। उन्होंने सरकार से आंगनबाड़ी को आधुनिक और बेहतर बनाने का अनुरोध किया। उन्होंने आंगनबाड़ी को आधुनिक सुविधाओं से युक्त किए जाने का भी सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कर्मियों को दीपा नाम दिया जाए क्योंकि वे ज्ञान की दीप जलाती है। उन्होंने कहा कि समाज के वंचित वर्ग के तीन साल के बच्चों को आंगनबाड़ी में पोषण और शिक्षा मुफ्त दी जानी चाहिए। सुधा मूर्ति ने मांग की कि सरकार संविधान में संशोधन विधेयक लेकर आए। अनुच्छेद 21 में 21 बी जोड़ा जाना चाहिए जो 3 से 6 वर्ष तक की आयु के बच्चों को मुफ्त देखभाल, पोषण और शिक्षा की गारंटी दे।

## यूनेस्को के 20वें आईजीसी सत्र के दौरान गजेंद्र शेखावत की बारबाडोस के साथ द्विपक्षीय बैठक



**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने शुक्रवार को दिल्ली में चल रहे यूनेस्को की अंतर सरकारी समिति (आईजीसी) के 20वें सत्र में के दौरान बारबाडोस की संस्कृति मंत्री डॉ. शांतल मुनरो-नाइट के साथ सांस्कृतिक विनिमय, पर्यटन और द्विपक्षीय सहयोग पर बात की।

लालकिला में चल रहे अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सुरक्षा पर यूनेस्को के आईजीसी के 20वें सत्र में भारत की अध्यक्षता में ईरान, वियतनाम और बारबाडोस के साथ महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठकें हुई। इसमें सांस्कृतिक साझेदारी को मजबूत करने पर जोर दिया गया।

इस सत्र का मुख्य विषय 'जीवित विरासत' रहा, जिसके संरक्षण और सतत विकास पर गहरे विचार-विमर्श हुए। बैठक में भारत की ओर से संस्कृति मंत्रालय की अतिरिक्त सचिव अमिता प्रसाद सरभाई और ईरान की ओर से डॉ. अलीरेज़ा इज़्दी ने साझा जीवित विरासत के सुरक्षित और टिकाऊ निर्माण के लिए मिलकर काम करने के तरीकों पर चर्चा की। अमिता प्रसाद सरभाई और वियतनाम के उप संस्कृति, खेल एवं पर्यटन मंत्री होआंग दाओ कुओंग ने सांस्कृतिक आदान-प्रदान और सहयोग के नए रास्ते तलाशे। वास्तुकला विरासत और सतत विकास पर जोर देते हुए अमिता प्रसाद ने कहा, 'भारत के अनुभव से पता चलता है कि शहरी नियोजन में विरासत को शामिल करने से समुदायों को लाभ होता है। हमारी सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि जब शहर आगे बढ़ें तो हमारी विरासत पीछे न छूटे। स्मार्ट सिटी मिशन के तहत ऐसे नियम बना रहे हैं जो शहर के विकास के बीच हमारी सांस्कृतिक प्रथाओं को सुरक्षित रखें। हमने सामुदायिक अधिकार और जीआई कानून को मजबूत किया है ताकि कोई हमारी विरासत का गलत तरीके से व्यावसायिक उपयोग न कर सके। सबसे अच्छी बात यह है कि हमारे त्योहार, जैसे छठ महापर्व और देव दीपावली और नमामि गंगे जैसे मिशन, हमें पर्यावरण के प्रति जागरूक भी बना रहे हैं। संस्कृति अब केवल उत्सव नहीं, बल्कि संरक्षण का माध्यम भी बन गई है।' मंत्रालय के निदेशक अनीश पी. राजन ने कहा कि सकारात्मक सिफारिशों की लगभग सार्वभौमिक दर, संतुलित भौगोलिक प्रतिनिधित्व और तत्काल सुरक्षा सूची के नामांकन में उल्लेखनीय वृद्धि विशेष रूप से ध्यान आकर्षित करती है।

## छत्तीसगढ़ के सुकमा में 33 लाख के 10 इनामी नक्सलियों ने पुलिस के अफसरों के सामने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा ■ एजेंसी**

छत्तीसगढ़ के सुकमा में पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज के समक्ष शुक्रवार को 33 लाख के इनामी 10 नक्सलियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया। इस अवसा पर डीआईजी सीआरपीएफ आनंद सिंह कलेक्टर देवेश ध्रुव, एसपी किरण चव्हाण, पुलिस अधीक्षक सुकमा, सर्व आदिवासी पदाधिकारी सहित समाज-प्रमुखों, पुलिस अधिकारियों और बड़ी संख्या में जवान उपस्थित थे।



छत्तीसगढ़ शासन एवं भारत सरकार की मंशा के अनुरूप स्थानीय समाज, पुलिस, स्थानीय प्रशासन तथा सुरक्षा बल-क्षेत्र में शांति स्थापित करने, पुनर्वास सुनिश्चित करने और समावेशी विकास को आगे बढ़ाने की दिशा में आज जिला सुकमा में एक महत्त्वपूर्ण सफलता मिली। 'पूना मारगेम : पुनर्वास से पुनर्जीवन' पहल के अंतर्गत आज जिला सुकमा में कुल 10 माओवादी कैडर, जिनमें 06 महिला माओवादी भी शामिल हैं और उन पर कुल 33 लाख का इनाम घोषित है। उन्होंने हिंसा का रास्ता छोड़कर सामाजिक मुख्यधारा में लौटने का निर्णय लिया। इन आत्मसमर्पित कैडरों ने एक एके-47, दो एसएलआर राइफलें, 01 स्टेन गन, 01 बीजीएल लॉन्चर भी सुरक्षा बलों के समक्ष विधिवत रूप से सौंपे हैं। इनन हथियारों को जमा करने पर कुल 08 लाख का इनाम घोषित था। 'पूना मारगेम : पुनर्वास से पुनर्जीवन स्थायी शांति और सकारात्मक बदलाव की दिशा में एक और महत्त्वपूर्ण कदम है। बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुन्दरराज पी ने कहा कि 'जिला सुकमा में 10 माओवादी कैडरों का पुनर्वास यह दर्शाता है कि हिंसक और जनविरोधी माओवादी विचारधारा का अंत अब निकट है। लोग 'पूना मारगेम : पुनर्वास से पुनर्जीवन' पहल पर भरोसा जताते हुए शांति, गरिमा और स्थायी प्रगति का मार्ग चुन रहे हैं। छत्तीसगढ़ शासन, भारत सरकार, बस्तर पुलिस, स्थानीय प्रशासन और सुरक्षा बल-क्षेत्र में शांति स्थापित करने, पुनर्वास सुनिश्चित करने और समावेशी विकास को आगे बढ़ाने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध हैं।' उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि पिछले 11 महीनों में बस्तर रेंज में 1514 से अधिक माओवादी कैडरों ने हिंसा का मार्ग छोड़कर सामाजिक मुख्यधारा से जुड़ने का निर्णय लिया है।

## जुबिन प्रकरण : एसआईटी ने कोर्ट में दाखिल की 2,500 पन्नों की चार्जशीट, 7 लोगों के नाम शामिल

**गुवाहाटी ■ एजेंसी**

असम के सांस्कृतिक प्रतीक व गायक जुबीन गर्ग की मौत के हाई-प्रोफाइल जांच में असम पुलिस की विशेष जांच दल (एसआईटी) ने शुक्रवार को इस मामले में 2,500 पृष्ठों का आरोपपत्र कोर्ट में दाखिल किया है। वहीं, दस्तावेजों सहित आरोपपत्र में कुल पृष्ठों की संख्या करीब 12 हजार है। इस मामले में सात लोगों को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं में आरोपित बनाया है। असम पुलिस की विशेष जांच दल (एसआईटी) प्रमुख मुन्ना प्रसाद गुप्ता ने शुक्रवार को जुबिन गर्ग मामले से जुड़े आरोपपत्र अदालत में दाखिल किए जाने की जानकारी दी।



कोर्ट में दाखिल अरोपपत्र में आपराधिक साजिश और गैर-इरादतन हत्या से लेकर हत्या और लापरवाही से मौत का कारण बनने जैसे आरोपों को कानूनी आधार बनाया गया है।

जुबीन गर्ग सिंगापुर नॉर्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल में हिस्सा लेने गए थे, जहां 19 सितंबर, 2025 को सिंगापुर में डूबने से मौत हो गई थी। इस घटना बाद यह एक हाई-प्रोफाइल मामला बन गया। शुरूआत में इसे दुर्घटना माना जा रहा था, लेकिन अब असम पुलिस हत्या मानकर जांच कर रही है। इस संबंध में पहले भी कई गिरफ्तारियां हुई हैं।

एसआईटी प्रमुख ने बताया कि इस मामले में सात लोग न्यायिक हिरासत में हैं। इसमें नॉर्थ ईस्ट इंडिया उत्सव के आयोजक और कार्यक्रम का नेतृत्व करने वाले श्यामकानु महंत महंत के खिलाफ बीएनएस की धारा 3, 61, 103, 308, 318 और 238 के तहत आरोप लगाए गए हैं। गर्ग के मैनेजर सिद्धार्थ शर्मा के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 3 (6/7/8), 61(2), 103(1) और 316(5) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### पुलिस ने रेड हिल्स पर प्रदर्शन कर रहे भाजपा विधायक महेश्वर को हिरासत में लिया

## फुटबॉलर मेस्सी के साथ मुख्यमंत्री रेड्डी के मैच के विरोध में भाजपा का प्रदर्शन

*हैदराबाद ■ एजेंसी*

*भाजपा ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल दिग्गज लियोनेल मेस्सी के साथ तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी के फुटबॉल मैच के विरोध में रेड हिल्स स्थित सिंगरेणी मुख्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। इस पर पुलिस ने भाजपा विधायक दल के नेता ए. महेश्वर रेड्डी को हिरासत में लिया है। भाजपा ने मैच को लेकर जनता के धन के दुरुपयोग करने का आरोप लगाया है। यह मैच शनिवार 13 दिसंबर को उप्पल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा।*



*दरअसल, सीएम रेड्डी ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल दिग्गज लियोनेल मेस्सी के साथ एक प्रदर्शनी का आयोजन किया है। मेस्सी के साथ इस फुटबॉल मैच में सीएम भी खेलेंगे। इस मैच पर खर्च होने वाली राशि को लेकर भाजपा ने सरकारी धन के दुरुपयोग का आरोप लगाया है। आज सुबह भाजपा विधायक दल के नेता ए. महेश्वर रेड्डी ने रेड हिल्स स्थित सिंगरेणी मुख्यालय के समक्ष पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ प्रदर्शन किया। इसके बाद पुलिस ने भाजपा नेता महेश्वर को हिरासत में ले लिया। इससे इलाके में कुछ देर के लिए तनाव फैल गया।*

*इस मामले में भाजपा नेता ए. महेश्वर रेड्डी ने बयान जारी कर मैच को लेकर मुख्यमंत्री से कई सवाल पूछे। उन्होंने प्रश्न किया कि मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के मनोरंजन के लिए जनता के धन का खर्च की क्या कैबिनेट से मंजूरी ली गई है। उन्होंने पूछा कि मीडिया रिपोर्ट द्वारा पता चला कि अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल दिग्गज लियोनेल मेस्सी यदि एक प्रदर्शनी मैच के लिए 70 करोड़ रुपये लेते हैं, तो बताएं मेस्सी के अपीरियंस की फीस कौन अदा कर रहा है। भाजपा विधायक रेड्डी ने पूछा कि राज्य सरकार का कौन सा विभाग मेस्सी के मैच से लाभांवित होगा। महेश्वर ने कशा कि राज्य सरकार के*

**कार्यालय क्षेत्रसंचालक, सतपुडा टाइगर रिजर्व नर्मदापुरम, म.प्र.**
Phone No. 07574-254394 (O) Fax, 07574-252133 E-mail: fdsatnp.hbd@mp.gov.in

**सामग्री क्रय हेतु निविदा आमंत्रण सूचना**
क्रमांक 9867 दिनांक 8/12/2025


**ई-निविदा विज्ञप्ति**

सतपुडा टाइगर रिजर्व के अंतर्गत वर्ष 2025-26 विभिन्न योजना अंतर्गत परिक्षेत्रों में विभागीय कार्य में उपयोग हेतु Sand Stone क्रय करने के लिए प्रदायकर्ताओं से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दस्तावेज मध्यप्रदेश के www.mptenders.gov.in में प्रकाशन दिनॉक से दिनॉक 22.12.2025 को सायं 05.00 बजे तक ऑनलाईन क्रय किये जा सकते है।

| क्र. | विवरण | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रपत्र की उपलब्धता | निविदा प्रपत्र बेवसाइड www.mptenders.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। |
| 2 | निविदा प्रपत्र का मूल्य | 500/- रूपये (पांच सौ रूपये मात्र) |
| 3 | धरोहर राशि | 21,000/- रूपये (इक्कीस हजार रूपये मात्र) |
| 4 | निविदा प्रपत्र की ऑनलाईन उपलब्धता | www.mptenders.gov.in में प्रकाशन दिनॉक से |
| 5 | ऑनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथी एवं समय | दिनॉक 22.12.2025 को सायं 05:00 बजे तक |
| 6 | निविदा खोलने की तिथी व समय | दिनॉक 24.12.2025 को प्रातः 11:00 बजे |

(ऋषिमा सिंह नेताम)
भा.व.से.
उपसंचालक
सतपुडा टाइगर रिजर्व
नर्मदापुरम

जी 22639/25




प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी डी.पी. गोयल द्वारा प्रभा काम्पलेक्स के पास, मीनाक्षी चौक, आई.टी.आई. रोड, होशंगाबाद से प्रकाशित तथा श्री बालाजी प्रिन्टर्स, 21-एच, इंडस्ट्रीयल एरिया, गोविन्दपुरा, भोपाल- 462023 (म.प्र.) से मुद्रित। संपादक- डी.पी. गोयल।मो. 9827054436 भोपाल कार्यालय : 4240007. डाक पंजीयन - MP/HSD04/2023-2025 व्यवस्थापक- डी.सी. पारे, मो. 8878623331 Email: amritdarshan@yahoo.com (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र भोपाल रहेगा।)।